RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 139 • 09:09:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## मणिपुर में हिंसा जारी, पांच की मौत, सोते में उतारा मौत के घाट

**शस्त्रागार से हथियार लूटने की कोशिश, सेना का हेलीकॉप्टर कर रहा गश्त**



**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर में फिर हिंसा भड़क गई है। जिरीबाम जिले में भड़की हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति की सोते समय हत्या कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि कुछ बदमाशों ने इंफाल पूर्वी जिले में मणिपुर राइफल्स की दो बटालियनों के शस्त्रागार से हथियार लूटने का प्रयास किया, लेकिन सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले और कई राउंड फायर करके भीड़ को तितर-बितर कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विगत दिवस कुछ बदमाशों ने 7वीं और 2वीं मणिपुर राइफल्स बटालियन से हथियार लूटने की कोशिश की, लेकिन संयुक्त सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर कर दिया। सुरक्षा दल खाबेइसोई में स्थापित 7वीं बटालियन से लौट रहा था, तो बदमाशों ने उन पर गोलियां बरसाईं, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। वरिष्ठ अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने अपील की है कि वे कानून को अपने हाथ में न लें। इस तरह के दुस्साहस करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा और उन्हें गंभीर कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। इस बीच हिंसा की घटनाओं के चलते हवाई गश्त करने के लिए सैन्य हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है और उग्रवादियों के ड्रोन को मार गिराने के लिए एंटी ड्रोन प्रणाली तैनात की गई है। बता दें कि पिछले साल मई में मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद, हिंसक भीड़ ने मणिपुर पुलिस के शस्त्रागार और जिलों में अन्य सुरक्षा चौकियों से चार हजार से ज्यादा अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद लूट लिया था। सुरक्षा बलों ने बाद में बड़ी संख्या में लूटे गए हथियार और गोला-बारूद बरामद किए थे।

## पटना- बक्सर रेल खंड पर दो भाग में बंटी मगध एक्सप्रेस



**एजेंसी। पटना**

बिहार में दानापुर रेल मंडल अंतर्गत बक्सर जिला के टुडीगंज स्टेशन के समीप नई दिल्ली से पटना आ रही मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में रविवार को बंट गयी। हालांकि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। नई दिल्ली से पटना होते हुए इस्लामपुर तक जाने वाली गाड़ी संख्या 20802 डाउन मगध एक्सप्रेस डुमरांव रेलवे स्टेशन से चलने के करीब आठ मिनट बाद दो हिस्सों में बंट गई। यह घटना बक्सर-आरा रेलखंड पर टुड़ीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन से चलने के करीब एक मिनट बाद ही यह घटना हुई। करीब 200 मीटर के फासले पर ट्रेन के दोनों हिस्से अलग-अलग खड़े हो गए। चीख पुकार सुनकर आगे जा चुकी बोगियों के लोगों ने ट्रेन रुकवाई, तब पायलट को ट्रेन के टूटने का पता चला। पायलट ने हादसे की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। जानकारी मिलते ही स्टेशन मास्टर टीम और कर्मचारी लेकर मौके पर पहुंचे। टेक्नीकल टीम ने प्रेशर पाइप जोड़ा और ट्रेन को पटना के लिए रवाना किया गया, लेकिन हादसा होने से पैसेंजर भड़के हुए हैं। उन्होंने रेलवे विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

## आठ फीसदी ज्यादा हुई बारिश, 15 अक्टूबर तक विदा हो जाएगा मानसून

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के मौसम में विभिन्नता के चलते यहां बारिश में भी समानता नहीं दिखती है। इसे पांच अहम कैटेगरी में बांटा जा सकता है। बहुत कम बारिश (-99 से -60 फीसदी), कम बारिश (-59से -20 फीसदी), सामान्य (-19 से 19 फीसदी), अधिक बारिश (20 से 60 फीसदी) और बहुत अधिक बारिश (60 से 99 फीसदी)। इस साल की बात करें तो किसी भी राज्य में न तो बहुत कम बारिश हुई है या बहुत अधिक बारिश हुई है। हालांकि कुछ राज्यों में बारिश में कमी जरूर दर्ज की गई है। मणिपुर में औसत से माइनस 30 फीसदी, बिहार में माइनस 26 फीसदी, पंजाब में माइनस 23 फीसदी और जम्मू-कश्मीर में माइनस 20 फीसदी बारिश कम हुई है।

वहीं, हिमाचल प्रदेश में माइनस 21 फीसदी और अरुणाचल प्रदेश में माइनस 22 फीसदी की कमी हुई है। भारत में मॉनसून खत्म होने का समय आ रहा है। हालांकि सितंबर के आखिर तक इसका असर रहने का अनुमान है। आमतौर पर मॉनसून 17 सितंबर से सिमटना शुरू होता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह चला जाता है। हालांकि यह तारीखें निश्चित नहीं हैं और इनमें बदलाव होता रहता है। उदाहरण के तौर पर पिछले साल 25 सितंबर से मॉनसून का सिमटना शुरू हुआ था। इस साल भी कुछ ऐसा ही पैटर्न बनता दिखाई दे रहा है।

ऐसे में मॉनसून के लंबे होने के आसार बन रहे हैं। सात सितंबर तक देश में औसत से अधिक 8 फीसदी बारिश रिकॉर्ड हुई है, लेकिन कुछ राज्यों में इसका वितरण असमान है। राजस्थान में 57 फीसदी अधिक बारिश हुई है, जो यहां के लिए जरूरी था। वहीं, मणिपुर में औसत बारिश 30 फीसदी कम रही है, जो वॉटर लेवल और किसान के लिए खतरे की घंटी है। कुछ अन्य राज्यों में सामान्य, लेकिन औसत से कम बरसात हुई है। इनमें उत्तर प्रदेश में औसत से माइनस 14 फीसदी, असम में माइनस 13 फीसदी, हरियाणा और केरल में माइनस 10 फीसदी कम बारिश हुई है। इसके अलावा ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मिजोरम और मेघालय में भी कुछ ऐसा ही हाल है। दूसरी तरफ दिल्ली अधिक बारिश के बिल्कुल कगार पर खड़ा है। यहां पर औसत से 19 फीसदी अधिक बारिश हुई है। जबकि 7 फीसदी अधिक बारिश के साथ मध्य प्रदेश भी इसी श्रेणी में है। इसके विपरीत, कई राज्यों में प्रचुर वर्षा दर्ज की गई। राजस्थान 57 प्रतिशत अधिक बारिश के साथ सबसे आगे है। इसके बाद तमिलनाडु और गुजरात दोनों 51 फीसदी, का नंबर आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में आया मंकीपॉक्स पहला संदिग्ध मामला



**नई दिल्ली**। भारत में घातक एवं संक्रामक रोग मंकीपॉक्स का पहला संभावित मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में आज जानकारी दी है। मंत्रालय का कहना है कि जांच जारी है और चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय का कहना है कि हाल ही में विदेश यात्रा से लौटे युवा पुरुष रोगी की पहचान एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) के संदिग्ध मरीज के तौर पर हुई है। रोगी को एक निर्दिष्ट अस्पताल में अलग रखा गया है और वर्तमान में उसकी हालत स्थिर है। वह ऐसे देश की यात्रा करके आया है जहां मंकीपॉक्स के मामले पाए गए हैं। एमपॉक्स की उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए रोगी के नमूनों का परीक्षण किया जा रहा है। मामले को स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रबंधित किया जा रहा है और संभावित स्रोतों की पहचान करने और देश के भीतर प्रभाव का आकलन करने के लिए संपर्क ट्रेसिंग जारी है। मंत्रालय के अनुसार इस मामले का विकास एनसीडीसी द्वारा किए गए पहले के जोखिम मूल्यांकन के अनुरूप है और किसी भी अनावश्यक चिंता का कोई कारण नहीं है।

### रेल राज्य मंत्री सोमन्ना कल बेंगलुरु में रेल परियोजनाओं का निरीक्षण और समीक्षा करेंगे

**नई दिल्ली**। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना कल बेंगलुरु में प्रमुख रेल पहलों और बीएसआरबी



परियोजनाओं का व्यापक निरीक्षण और समीक्षा करेंगे। रेल राज्य मंत्री बेंगलुरु के येलहंका में रेल व्हील फैक्टरी (आरडब्ल्यूएफ) के निरीक्षण और समीक्षा की निगरानी करेंगे। यात्रा के दौरान सोमन्ना फैक्टरी के संचालन और आवश्यक रेल घटकों के उत्पादन में प्रगति का आकलन करेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार सोमन्ना बेंगलुरु के विधान सौधा में समिति कक्ष संख्या 313 में बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित करेंगे।

### भाजपा ने जम्मू कश्मीर के लिए जारी की दस उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली**। भाजपा ने रविवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए छठी सूची में जारी की। इसमें 10 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इसमें उधमपुर पूर्व से आरएस पठानिया और बांदीपुरा से नसीर अहमद लोन को मैदान में उतारा गया है। करनाह से मो. इदरीस करनाही चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा भाजपा की छठी सूची में फकीर मोहम्मद खान गुरेज (एसटी) से, अब्दुल रशीद खान सोनावारी से और गुलाम मोहम्मद मीर हंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। वहीं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों में भारत भूषण कठुआ से, राजीव भगत बिश्नाह से और सुरिंदर भगत मढ़ से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने विक्रम रंधावा को बहू विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

## अबू धाबी के क्राउन प्रिंस पहुंचे भारत, कल प्रधानमंत्री से मिलेंगे


**एजेंसी। नई दिल्ली**



अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। यहां केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनका स्वागत किया। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। क्राउन प्रिंस के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। कल अबू धाबी के क्राउन प्रिंस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। उनका भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का कार्यक्रम है। वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे। मंगलवार को वे एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के कारोबारी नेता भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और यूएई के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। हाल के वर्षों में, भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी राजनीति, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में गहरी हुई है। क्राउन प्रिंस की यात्रा भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी।

## अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे पर राहुल गांधी, टेक्सास पहुंच बोले-मैं वास्तव में बहुत खुश हूं

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर हैं। तीन दिवसीय इस दौरे में राहुल गांधी रविवार को टेक्सास के डलास पहुंचे, जहां भारतीय प्रवासी और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से कुछ तस्वीरें साझा की। उन्होंने लिखा 'टेक्सास के डलास में जो भारतीय प्रवासियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों ने मेरा स्वागत किया, उससे मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। राहुल ने पोस्ट में आगे लिखा, 'मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चर्चाओं और व्यावहारिक बातचीत में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। बता दें कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी की यह पहली अमेरिका यात्रा है। राहुल गांधी 9-10 सितंबर को वाशिंगटन डीसी में आयोजित होने वाली कई महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगे। इससे पहले, राहुल गांधी की यात्रा पर आईओसी प्रमुख सैम पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी से बात करने के लिए यहां प्रवासी भारतीय, बिजनेस लीडर, छात्र, राजनीतिक नेता उत्सुक हैं। हम एक सफल यात्रा की आशा करते हैं और अमेरिका में राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने आगे कहा, अलग अलग क्षेत्र के लोगों संग कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इनमें खासकर वो लोग शामिल हैं जो कांग्रेस शासित प्रदेश से वास्ता रखते हैं। विशेष रूप से बैंगलोर, हैदराबाद, मुंबई और पुणे जैसे टेक शहर के लोग इच्छुक हैं। हम व्यापार और टेक्नोलॉजिकल समुदाय के साथ बातचीत को लेकर भी काफी उत्साहित हैं। ऐसा देखा जा रहा है कि राहुल गांधी, 2024 के लोकसभा परिणामों के बाद, जनहित के कई मुद्दों को उठाते हुए लोगों का समर्थन हासिल कर रहे हैं। राहुल ने लोकसभा चुनाव 2024 में रायबरेली और वायनाड से चुनाव जीता, हालांकि, उन्होंने वायनाड लोकसभा सीट को छोड़ दिया, और रायबरेली सीट से सांसद बनना ठीक समझा। उन्होंने वायनाड की सीट से अपनी बहन प्रियंका गांधी को आगे किया है।

## चिराग पर नकेल कसने की तैयारी: चाचा पारस को जल्द बनाया जा सकता है राज्यपाल

**पटना**। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान केंद्र सरकार के कई कई महत्वपूर्ण फैसलों पर सवाल खड़ा कर चुके हैं। चिराग ने केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण फैसले जैसे कि वक्फ बिल और सरकारी नौकरी में लैटरल एंट्री का विरोध किया था। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के अनुसूचित जाति और जनजाति कोटा में सब कैटिगरी और क्रीमी लेयर को चिन्हित करने के फैसले का भी विरोध किया था। चिराग के इन सभी कदम से बीजेपी जाहिर तौर पर असहज महसूस कर रही थी। इसी कारण से चिराग को नियंत्रित करने के लिए उनके चाचा, जिससे उनकी पुरानी अदावत है का राजनीतिक तौर पर एक्टिवेट किया जा रहा है। पशुपति पारस का कद बढ़कर बीजेपी चुनाव पासवान को स्पष्ट संदेश देना चाहती है कि चिराग पासवान केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण फैसलों में ज्यादा दखलअंदाजी ना करें। चिराग के बयानों को देखते हुए अब बीजेपी उन पर लगाम लगाने की तैयारी में है और उनके चाचा पशुपति पारस को अब एक बार फिर से एनडीए में तरजीह दी जा सकती है। माना जा रहा है कि पशुपति पारस, जो पिछले कुछ महीनो से राजनीति में हाशिए पर पड़े हैं उन्हें जल्द ही किसी राज्य का राज्यपाल या फिर किसी महत्वपूर्ण केंद्रीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

## लखनऊ में इमारत गिरने पर पीएम ने जताया दुख, मुआवजे की घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में एक तीन मंजिला इमारत के गिरने पर हुई मौतों पर दुख जताया है। घायलों के शीघ्र स्वथ्य होने की कामना करते हुए प्रधानमंत्री ने हताहतों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक इमारत दुर्घटना में लोगों की मौत दुखद है। हम उन लोगों के साथ प्रार्थना करते हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। जबकि घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस इमारत के गिरने से अब तक आठ लोगों की मौत हो गई है और 28 लोग घायल हैं।

## नई शिक्षा नीति को नहीं अपनाने वाले राज्य करें पुनर्विचार : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज सभी लोगों से कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने उन राज्यों से अपील की जिन्होंने अभी तक नई शिक्षा नीति (एनईपी) को नहीं अपनाया है। उन्होंने कहा कि वे अपने रुख पर पुनर्विचार करें। आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि नई शिक्षा नीति देश के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाली है। उन्होंने कहा, "यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे युवाओं को उनकी प्रतिभा और ऊर्जा का पूरा दोहन करने का अधिकार देती है, जिसमें सभी भाषाओं को उचित महत्व दिया गया है। देश के संस्थानों को कलंकित और अपमानित करने वाले लोगों के प्रति आगाह करते हुए धनखड़ ने उन गुमराह लोगों को रास्ता दिखाने का आग्रह किया जो भारत के प्रभावशाली विकास को स्वीकार करने में सक्षम नहीं हैं और जमीनी हकीकत को नहीं पहचान रहे हैं। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने सभी से साक्षरता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "अब समय आ गया है कि हम प्रतिबद्धता और जुनून के साथ मिशन मोड में काम करें ताकि जल्द से जल्द 100 प्रतिशत साक्षरता सुनिश्चित की जा सके। उन्हें यकीन है कि यह जितना हम सोच रहे हैं, उससे भी पहले हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच, भारत का दूत बनकर मॉस्को जाएंगे डोभाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पीएम नरेंद्र मोदी ही नहीं रूस और यूक्रेन भी इस बात को मानते हैं कि भारत इस युद्ध को कूटनीतिक तरीके से समाप्त करवा सकता है। जेलेंस्की ने हाल ही में इसकी बात दोहराई थी। पीएम ने दोनों देशों का अलग-अलग समय में दौरा किया था। अब खबर आ रही है कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल रूस युद्ध का शांतिपूर्ण समाधान पर चर्चा के लिए मॉस्को जाएंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन ने हाल ही में कहा था कि वे शांति के खिलाफ नहीं हैं। वह संघर्ष को समाप्त करने के लिए ब्राजील, चीन और भारत को संभावित मध्यस्थ के रूप में देखते हैं। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी यही बात कही थी। उन्होंने भारत को संभावित वार्ताकार के रूप में समर्थन दिया था। रूस और यूक्रेन की अपनी यात्राओं के बाद पीएम मोदी ने यूक्रेन में शांति प्रयासों पर चर्चा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ भी टेलीफोन पर बातचीत की। रिपोर्ट में डोभाल की यात्रा की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों देशों का दौरा करके शांति प्रयासों में सबसे आगे रहे हैं। जुलाई में रूस की अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपना संदेश दोहराया कि यह युद्ध का युग नहीं है। हाल ही में उन्होंने कीव का दौरा किया और राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पीएम मोदी ने 27 अगस्त को राष्ट्रपति पुतिन के साथ टेलीफोन पर भी बातचीत की। सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं ने इस कॉल के दौरान चर्चा की कि भारत यूक्रेन में स्थायी शांति लाने के विचारों पर चर्चा करने के लिए अपने एनएसए को मॉस्को भेजेगा।

## श्रीलंकाई नौसेना ने भारत के 14 मछुआरों को किया गिरफ्तार, सड़क पर उतरे परिजन

**चेन्नई**। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। नौसेना ने मछुआरों की नौकाओं को भी जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद मछुआरों के परिवारों और स्थानीय लोगों ने तमिलनाडु के पुदुकोट्टई जिले के जेगथापट्टिनम में रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। मणिकांतन ने कहा, ' हमारे भाइयों को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया जा रहा है। जिससे अब मछली पकडऩे के लिए समुद्र में प्रवेश करने और अपनी आजीविका के नियमित साधनों को चलाने के बारे में मछुआरे चिंतित हैं। हमारे सामने गंभीर स्थिति पैदा हुई, लेकिन, राज्य और केंद्र सरकार ध्यान नहीं दे रही है। मछुआरों की तीन नौकाओं को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा जब्त कर लिया गया था। भले ही मछुआरों को श्रीलंका में कुछ दिनों की न्यायिक हिरासत के बाद रिहा कर दिया जाए, लेकिन हमारी नौकाओं को नहीं छोड़ा जाएगा। आगे नौकाओं को लंका सरकार द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 मछुआरों की गिरफ्तारी के विरोध में मछुआरे और उनके परिवार के सदस्य सड़कों पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## जयशंकर दो दिवसीय दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे, विदेश मंत्रियों की बैठक में लेंगे भाग



**नई दिल्ली**। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को सऊदी अरब पहुंचे। विदेश मंत्री पहली भारत-खाड़ी सहयोग परिषद की विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने रियाद गए हैं। सऊदी अरब के प्रोटोकॉल मामलों के उपमंत्री अब्दुल मजीद अल स्मारी ने जयशंकर का स्वागत किया। जयशंकर की यह यात्रा दो दिवसीय है। जयशंकर ने एक्स पोस्ट पर इसकी जानकारी दी। बता दें कि भारत और सऊदी अरब के बीच रक्षा सहयोग पर संयुक्त समिति (जेसीसी) की छठी बैठक चार सितंबर को आयोजित की गई थी। दोनों देशों ने लंबे समय से चले आ रहे बहुआयामी रक्षा सहयोग को और मजबूत करने नए अवसरों पर बातचीत की। सैन्य, प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग, अनुसंधान एवं विकास आदि क्षेत्रों में सहयोग के दायरे बढ़ाने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। भारत और सऊदी अरब के बीच सदियों पुराने आर्थिक एवं सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध हैं।

संक्षिप्त समाचार

## डेंगू पीड़ित बच्ची की इलाज के दौरान पटना में मौत

**पटना, एजेंसी।** मधुरापुर गांव की डेंगू से पीड़ित बच्ची की मौत इलाज के दौरान पटना में शनिवार की सुबह हो गयी. पप्पू मसाला मिल के संचालक पप्पू साह की पुत्री खुशबू कुमारी (17) पिछले तीन चार दिनों से तेज बुखार से पीड़ित थी. स्थानीय निजी क्लीनिक में दिखाने पर डेंगू बताया गया था. स्थिति में सुधार नहीं होता देख भागलपुर के एक निजी अस्पताल में ले गये. उसकी स्थिति गंभीर हो गयी, तो शुक्रवार की रात आइजीआईएमएस पटना रेफर कर दिया. वहां देर रात पहुंचने पर इलाज नहीं हो पाया. पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गयी. देर शाम बच्ची का अंतिम संस्कार बलाहा गंगाघाट पर किया गया. ग्रामीण शुभम भारती ने बताया कि बच्ची कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुरापुर में 12वीं की छात्रा थी. प्रखंड क्षेत्र में जलजमाव से डेंगू व डायरिया समेत अन्य जलजनित बीमारी से लोग परेशान हैं. आम लोग सहित सरकारी विभाग के कर्मी डेंगू की चपेट में आ गये हैं. क्षेत्र में प्रायः सभी जगहों पर डेंगू के मरीज मिल रहे हैं. बकरी के दूध की मांग बढ़ गयी है. लोग स्वास्थ्य विभाग से फॉगिंग कराने की मांग कर रहे हैं. रेलवे स्टेशन पर शनिवार की सुबह विदेशी शराब भारी मात्रा में आरपीएफ पुलिस ने बरामद की. तस्कर भागने में सफल रहा. आरपीएफ ने बताया कि हावड़ा-गया जाने के बाद प्लेटफार्म दो पर थैला व बैग लावारिस अवस्था में रखा देख पुलिस ने छानबीन की, तो कोई यात्री अपना नहीं बताया. थैला की जब जांच पड़ताल की गयी, तो विदेशी शराब की 38 बोतल बरामद की गयी. नौ बोतल आरएस 750 एमएल, 21 बोतल 375 एमएल व आठ बोतल मैजिक मूवमेंट इंग्लिश शराब बरामद की गयी है. सभी को उत्पाद विभाग को सौंपा गया. इस दौरान आरपीएफ पोस्ट के उप निरीक्षक पीयूष कुमार, एएसआई अजय कुमार, जवान एमके शर्मा मौजूद थे.

## पटना में महिला का शव बरामद :गले, सिर और कनपट्टी पर जख्म के हैं निशाना

**पटना, एजेंसी।** पटना के अथमलगोला में महिला अनीता देवी (35) का शव बरामद हुआ है। पूरा मामला नीरपुर गांव का है। शव, अनीता के मायके के पास ही गली में पड़ा मिला। अनीता के गले, सिर और कनपट्टी पर धारदार हथियार से हमले के निशान हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया। परिजनों ने बताया कि महिला का ससुराल मसौढ़ी में है, फिलहाल वह अपने मायके में रह रही थी। कल दोपहर 11:00 बजे महिला गहना छुडाने की बात कहकर फतुहा गई थी। इसके बाद देर होने पर मायके वालों ने कॉल किया तो मोबाइल फोन बंद बता रहा था। परिजनों के द्वारा महिला को फतुहा बाजार और आसपास के विभिन्न इलाकों में ढूंढा गया, लेकिन वह नहीं बोली। सुबह में जब ग्रामीण टहलने घर से निकले तो महिला का शव गली में पड़ा था। इसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई। अथमलगोला थाने के स्ठ्ठ सुबोध कुमार ने बताया कि धारदार हथियार से गला, सिर और कनपट्टी पर वार किया गया है। पुलिस के द्वारा छानबीन की जा रही है। हत्या की आशंका परिजनों ने किसी पर भी जाहिर नहीं की है। पोस्टमार्टम के बाद ही घटना की वजह का पता चलेगा है।

## बुजुर्ग ने 7 साल की मासूम के साथ किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद में एक 60 साल के बुजुर्ग ने 7 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना टेहटा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि पीड़िता शनिवार की शाम घर के पास खेल रही थी। तभी उसके पड़ोसी नेरेश महतो ने उसे गोद में उठा लिया और सुनसान इलाके में ले जाकर घटना को अंजाम दिया। वहीं दरवाजे पर बच्ची को नहीं देख उसकी मां ने खोजबीन शुरू की। जिसके बाद बच्ची रोती बिखलती उसके घर पहुंची और घटना के बारे में अपनी मां को बताया। मां ने घटना की सूचना स्थानीय थाने के पुलिस को दिया। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं नाबालिग बच्ची को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मेडिकल जांच की जा रही है, जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा।

# धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश पूजा: मुंगेर में 20 फिट की प्रतिमा बना आकर्षण का केंद्र

### दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को जुटी भीड़



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर में शनिवार को विभिन्न जगहों पर गणेश पूजा का आयोजन किया गया। जिसे लेकर जगह-जगह पर प्रतिमा स्थापित की गई है। गणेश पूजा को लेकर जिला मुख्यालय में कई जगहों पर आकर्षक पंडाल के अलावा मंदिर को रंगीन बल्बों से सजाया गया है।जबकि शहर में जो गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसमें बेकापुर, मोगल बाजार और माधोपुर में कई जगहों पर 20 से 22 फीट ऊंची गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो शहर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### श्रद्धालुओं की जुटी भीड़

बेकापुर मनकेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पास लगभग 18 फीट, मोगल बाजार में 20 फीट और माधोपुर में लगभग 19 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा बनायी गयी है। इस आकर्षक प्रतिमा को देखने को लेकर लोगों की काफी भीड़ उमड़ रही है। इसके अलावा शहर में शादीपुर तिलक मैदान, गढ़ैया मार्केट, शादीपुर, गुलजार पोखर, अंबे चौक, पूरबसराय सहित अन्य जगहों पर प्रतिमा स्थापित की गई। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र में मुंगेर सदर, जमालपुर, बरियारपुर, धरहरा, हवेली खड़गपुर, टेटिया बंबर, तारापुर, असरगंज, संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कई जगहों पर गणेश प्रतिमा को स्थापित की गई है। पूजा के पहले दिन कई जगहों पर भक्ति जागरण के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न मंदिरों में एक ओर जहां महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन किया गया तो वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखा रहे थे। इधर गणेश पूजा के अवसर तीन दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रम किए गए है।

### सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

भगवान के भोग में हलवा, खिचड़ी का प्रसाद लगाया गया। वहीं इसके बाद महाआरती का भी आयोजन किया गया। गणेश पूजा को लेकर जिला में एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर सभी जगहों पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। शहरी क्षेत्र में संवेदनशील जगहों पर पुलिस और दंडाधिकारी को लगाया गया है। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौक चौराहा भी पुलिस जवानों को सुरक्षा में लगाया गया है। इसके अलावा जहां-जहां प्रतिमा स्थापित हुई है, वैसे जगहों पर बाइक सवार पुलिस के द्वारा गश्ती किया जा रहा है।



## शिविर में ट्राई साइकिल की होगी मरम्मत: नालंदा में दिव्यांगों को मिलेगा फायदा

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिला प्रशासन ने छत्र योजना (सम्बल) के तहत वितरित बैटरी चालित तिपहिया साइकिलों की मरम्मत के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन करने की घोषणा की है। यह कदम दिव्यांगजनों की दैनिक जीवन की चुनौतियों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य खराब बैटरी, चार्जर और अन्य तकनीकी समस्याओं का निःशुल्क समाधान प्रदान करना है। शिविर का आयोजन 11 और 12 सितंबर को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा में किया जाएगा।

### सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर

दोनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर लगेगा। इस दौरान कुमार सर्जिकल भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे, जो वारंटी के तहत सभी आवश्यक मरम्मत और बदलाव का कार्य करेंगे। प्रशासन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इसका लाभ उठा सकें।

# भीड़ को देखते हुए दुर्गापूजा, दीपावली और छठ को लेकर दिसंबर तक स्पेशल ट्रेनों की बढ़ाई गई परिचालन अवधि



**पटना, एजेंसी।** दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पूजा के लेकर दिसंबर तक स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि बढ़ाई गई है। रेगुलर ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि बढ़ा दी है। पटना, दानापुर, बरौनी आदि स्टेशनों से अहमदाबाद, वलसाड़, राजकोट सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि बढ़ाई गई है। इन ट्रेनों का 31 दिसंबर तक परिचालन किया जाएगा।

**इन ट्रेनों का परिचालन 31 दिसंबर तक किया जाएगा**

- अहमदाबाद-पटना स्पेशल 29 दिसंबर तक प्रत्येक रविवार को चलाई जाएगी।
- पटना-अहमदाबाद स्पेशल 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलाई जाएगी।
- अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल 30 दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी।
- दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी।
- वलसाड़-दानापुर स्पेशल 30 दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार को चलाई जाएगी।
- दानापुर-वलसाड़ स्पेशल 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलाई जाएगी।
- साबरमती-पटना स्पेशल 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलाई जाएगी।
- पटना-साबरमती स्पेशल 2 जनवरी तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जायेगी।
- डा. अम्बेडकर नगर (इंदौर)-पटना स्पेशल 26 दिसंबर तक प्रत्येक गुरूवार।
- पटना-डा. अम्बेडकर नगर (इंदौर) स्पेशल 27 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार।
- राजकोट -बरौनी स्पेशल 27 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को चलाई जाएगी।
- बरौनी-राजकोट स्पेशल 29 दिसंबर तक प्रत्येक रविवार को चलाई जाएगी।
- उधना-पटना स्पेशल 27 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को चलाई जाएगी।
- पटना-उधना स्पेशल 28 दिसंबर तक प्रत्येक शनिवार को चलाई जाएगी।

## मुजफ्फरपुर में दो और मिले डेंगू के मरीज संक्रमितों की संख्या बढ़कर हुई 53

### शहरी क्षेत्र में अबतक मिल चुके 8 रोगी



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में शनिवार को डेंगू दो नए मरीज मिले हैं। जिले में संक्रमितों की संख्या 53 हो गई है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है। ग्रामीण क्षेत्र में लगातार डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग और दवा का छिड़काव किया जा रहा है। डेंगू से बचाव को लेकर स्वास्थ विभाग की टीम सभी आवश्यक तैयारी करने में जुटी हुई है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने सभी जिलों को डेंगू के इलाज के लिए डॉक्टर से लेकर लैब तकनीशियन की ट्रेनिंग कराने का निर्देश दिया है। जिले में अबतक औराई में 2, बोचहां में 3, गायघाट में 3, कांटी में 4, कटरा में 2, कुढ़नी में एक, मोतीपुर में एक, मीनापुर में 8, मुशहरी में 18, मुरौल में एक, पारू में एक, सकरा में एक और शहरी क्षेत्र में 8 मरीज मिल चुके हैं।

**घर के आसपास पानी न लगने दें :** सिविल सर्जन ने बताया की हम लोग डेंगू को लेकर के पूरी तरह से तैयार है और इसको लेकर के विभाग को निर्देश दिए गए हैं। लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान जिले ग्रामीण इलाके में भी किया जा रहा है। इस दौरान कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है। जैसे घर के आसपास या घर के अंदर पानी न जमा होने दें। गमला, कूलर, रखे हुए टायर में पानी भर जाए, तो इसे तुरंत निकाल लें। साफ- सफाई का खास ख्याल रखें। कूलर में अगर पानी है, तो इसमें कैरोसिन तेल डालकर रखें, इससे मच्छर पनपने की संभावना कम हो जाती है। पानी की टंकियों को खुला न छोड़े, अच्छी तरह ढककर रखें। इन दिनों फुल स्लीव और पैरों को ज्यादा से ज्यादा ढकने वाले कपड़े पहनें।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत



**नवादा, एजेंसी।** नवादा के नगर थाना क्षेत्र के आईटीआई के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना की सूचना के बाद आक्रोशित भीड़ ने एक ट्रक में आग लगा दिया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। मृतक की पहचान गोनव गांव निवासी बिट्टू कुमार (28) के रूप में हुई है। वहीं उसके दोस्त का इलाज चल रहा है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि अपने दोस्त के साथ बाइक से घूमने के लिए निकला था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद लोग आक्रोशित हो गए और ट्रक में आग लगा दिया। सूचना के बाद एसडीओ अखिलेश कुमार, डीएसपी अनोज कुमार और थाना प्रभारी अविनाश कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास करने लगे। डीएसपी अनोज कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बिहार में सियार का हमला, झुंड में निकल कर ढूंढ रहे शिकार, कई ज़ख़्मी



**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कई ज़िलों में लोग भेड़िए के हमलों से दहशत में हैं। वहीं अब बिहार के भी कई ज़िलों से जंगली जानवरों के तांडवों की ख़बर सामने आ रही है। ताज़ा बिहार के मुजफ्फरपुर ज़िले का है, जहां लोग सियार के हमलों से ख़ौफ़ज़दा हैं।

ग्रामीणों की मानें तो 4 से 5 की झुंड में निकलकर सियार शिकार पर निकल रहा है। सदर थाना क्षेत्र (मुजफ्फरपुर) के एक गांव में 12 से ज्यादा लोगों पर सियार ने हमला कर ज़ख्मी कर दिया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है।

ग्रामीणों का कहना है कि हमला के बाद सियार घनी झाड़ियों में घुस जाता है। वन विभाग की टीम सर्च अभियान चला रही है, लेकिन अभी तक कोई कामयाबी नहीं मिली है। 3 जगहों पर पिंजरा लगाने के बाद भी अभी तक एक भी सियार काबू नहीं किया जा सका है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से अपील की है कि रात के वक्त घर से बाहर नहीं निकले। अकेले खेतों में काम करने भी नहीं जाएं। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि सियार की दहशत से बच्चे स्कूल जाने से भी डर रे हैं। माधोपुर की दो पंचायतों की करीब दस हजार से ज्यादा की जंगली जानवरों के हमले से दहशत में जी रही है। हसन चक बंगरा गांव (शेरपुर पंचायत, सदर थाना क्षेत्र, मुजफ्फरपुर) में एक दर्जन से ज़्यादा लोगों पर सियार जानलेवा हमला कर चुका है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी सियार की टोली का शिकार हो चुकी है। एक साथ 4 से 5 की तादाद में निकले सियार की टोली लोगों को शिकार बना रही है। ज़्यादातर बच्चों पर हमले हो रहे हैं। जख्मी को स्ध्यस्ष्ट॥ में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

# इलाज के दौरान मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## मुंगेर में डॉक्टर के साथ धक्का-मुक्की का भी आरोप, चिकित्सक बोले-अस्पताल आने से पहले गई जान



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर के हवेली खड़गपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे शनिवार की देर शाम अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर अमित कुमार के साथ कुछ लोगों ने धक्का मुक्की की गई और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार हवेली खड़गपुर नंदलाल बसु चौक निवासी सुनील बाड़ी की पत्नी शुक्रवार को व्रत की थी। शनिवार को उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। जहां चिकित्सक अमित कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए और डॉक्टर के साथ धक्का-मुक्की करते हुए जमकर हंगामा किया।

### अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

चिकित्सक ने बताया कि उसकी रास्ते मे ही डेथ हो गयी थी। हंगामे के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने इसकी सूचना खड़गपुर थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जानकारी डॉक्टर से ले रही है।

### आवेदन मिलने पर होगी कार्रवाई

हवेली खडागपर थानाध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस को अस्पताल भेजा गया और मामले को समझने के साथ ही शांत कराया गया। इस मामले में दोनों पक्ष में से किसी ने आवेदन नहीं दिया है। पुलिस अपने स्तर से जांच में जुटी हुई है।

## बिहार का कुख्यात इनामी ऋषिकेश से गिरफ्तार, उसपर 27 मुकदमे दर्ज

**पटना, एजेंसी।** एसटीएफ ने उत्तराखंड के ऋषिकेश से पटना समेत बिहार के कई जिलों व झारखंड के कुख्यात रंजीत चौधरी को गिरफ्तार किया है। उसपर दो लाख का इनाम था। वह भोजपुर के उदवंत नगर थाने के बेउलाउर गांव का रहने वाला है। एसटीएफ ने उसे ऋषिकेश से बीच सड़क से उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वहीं कहीं जा रहा था। उसपर पटना, भोजपुर, बक्सर के अलावा झारखंड के कई थानों में हत्या, गोलीबारी, रंगदारी, आर्म्स एक्ट समेत 27 संगीन मुकदमे दर्ज हैं। ऋषिकेश में चार साल से अपने बच्चों को पढ़ा रहा था। पुलिस उसे चार साल से तलाश रही थी। उसपर दो लाख का इनाम घोषित किया गया था। उसे गिरफ्तार करने के लिए एसटीएफ एक साल से लगी थी। एसटीएफ एक माह से देहरादून और ऋषिकेश में डेरा डाले थी। वह बार-बार ठिकाना बदल रहा था। वह कभी मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करता है। पहचान छिपाने के लिए हमेश बाल मुंडवा कर रहता था। चार साल से परिवार और बच्चों को ऋषिकेश में रखे हुए था। ऋषिकेश में ही उसके बच्चे पढ़ते हैं।

**पत्नी एनकाउंटर के डर से सहमी, डाल दिया वीडियो :** गिरफ्तार होने के बाद रंजीत की पत्नी इस बात से सहम गई कि कहीं पुलिस पति का एनकाउंटर न कर दे। इसलिए उसने गिरफ्तार होने को लेकर ऑडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। साथ ही रंजीत का पुराना वीडियो भी डाल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में बढ़े डेंगू के मामले, 24 घंटे में 62 केस, पटना में 37 लोग पाए गए संक्रमित

**पटना।** बिहार में डेंगू के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 62 और 48 घंटे में डेंगू के करीब 142 नए मामले सामने आए हैं, जिसमें से 37 मामले राजधानी पटना के हैं। पटना के सभी इलाके में डेंगू के मरीज मिलने लगे हैं। सबसे अधिक मरीज बांकीपुर, पाटलिपुत्र और अजीमाबाद अंचल में मिल रहे हैं। ज्यादा प्रभावित मोहल्लों में कंकड़बाग, पटेलनगर, शिवपुरी, राजाबाजार, बाजार समिति, कुर्जी मोड़, चिरैयाटांड़, पोस्टल पार्क, पुनाईचक, राजीवनगर, लोदीपुर, दीघा, नेहरूनगर, शास्त्रीनगर, कुर्जी आदि शामिल हैं। वहीं पटना में डेंगू मरीजों की संख्या 496 हो गई है। दूसरे नंबर पर गया है, जहां 61 मरीज मिले हैं। इसके बाद मुजफ्फरपुर में 55, समस्तीपुर में 46 मरीज अब तक इस सीजन में मिले हैं। डेंगू मरीजों की संख्या 1 हजार 68 हो गई है। पटना DM डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने डेंगू से बचाव के लिए सिविल सर्जन और नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को एंटी लार्वा का सघन छिड़काव कराने का टास्क दिया है। डेंगू को देखते हुए सदर अस्पताल में 10 बेड, अनुमंडल अस्पतालों में 05-05 बेड, सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 02-02 बेड सुरक्षित रखा गया है। मरीजों की संख्या बढ़ती है तो आवश्यकता पड़ने पर अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ायी जाएगी। सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रैपिड टेस्ट किट से डेंगू की स्क्रीनिंग सुविधा उपलब्ध है। PMCH, NMCH, IGIMS, AIIMS, RIRIM, न्यू गार्डिनर रोड हॉस्पिटल में ELISA based NS1 और IgM कीट से निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। डेंगू बीमारी एडिज नामक मच्छर के काटने से होती है। एडिज मच्छर दिन के समय काटता है, लेकिन हर बुखार डेंगू नहीं होता है। इसके कारण जांच जरूरी है। जिले में डेंगू नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इसका नंबर 0612-2249964 है। आम लोग किसी भी सहायता के लिए फोन कर संपर्क कर सकते हैं।

### तेजस्वी ने अल्पसंख्यक समाज से गमछा उद्योग छीन लिया

**पटना।** जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार ने लालू परिवार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लालू शासनकाल में बिहार में स्वास्थ्य कि क्या व्यवस्था थी, ये आपको पता ही होगा। चरवाहा विद्यालय खोले गए, लेकिन एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं खुला। नीतीश कुमार ने देश में एक लकीर खींची है। किसानों की परिभाषा तय की है। स्वास्थ्य विभाग में मिशाल पेश की है। हिना शहाब और लालू यादव की मुलाकात पर कहा कि मुस्लिम वोट बैंक को फिर से अपने साथ जोड़ना चाहते हैं। अल्पसंख्यक इनकी नियत को भली-भांति पहचान चुकी है। मुलाकात से पहले लालू यादव यह बताएं कि हिना शहाब से अलग क्यों हुए थे।



राजद के प्रति मुसलमानों की रुचि अब समाप्त हो चुकी है। अब तो उनके व्यवसाय को भी तेजस्वी ने छीन लिया है। अल्पसंख्यक समाज के कई लोग गमछा उद्योग से जुड़े हैं। अब तो अपने कार्यकर्ताओं को गमछा रखने से भी तेजस्वी ने मना कर दिया है। नीरज कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि विरोधियों की आंखें मजबूत होनी चाहिए। IGIMS में आंखों का इलाज करवाए। जिस चश्मे से विपक्ष आज बिहार को देख रहा है, वो बिहार बदल चुका है। आजकल तेजस्वी कौन सी दवा खा रहे हैं, पता नहीं। जिससे उनको बिहार चौपट दिख रहा है। प्रशांत किशोर को चुनौती देते हुए नीरज कुमार ने कहा कि अगर हिम्मत है तो महिला कॉलेज में जाकर कहिए कि अगर हमारी सरकार आई तो शराबबंदी खत्म कर देंगे। प्रशांत अगर ऐसा बयान देंगे तो महिलाएं और बेटियां उनको सबक सिखाने का काम करेगी। प्रशांत किशोर राजनीति के व्यवसाई हैं। उन्होंने प्रत्याशियों को पैसे देने की बात कही है। उनको जवाब देना चाहिए। किस माफिया से पैसा लेकर वह अपने प्रत्याशियों को देंगे। प्रशांत के पास राजनीति का काला धन है।

### जिला निबंधन परिसर में 10 को जॉब कैंप

**हाजीपुर।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार, जिला नियोजनालय, वैशाली, हाजीपुर की ओर से एक दिवसीय जॉब कैम्प-सह-व्यवसायिक मार्गदशन कैम्प 10 सितंबर दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएग। कैंप शहर के हरवंशपुर स्थिति जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र हाजीपुर परिसर में आयोजित किया जाएगा। कैम्प में निजी क्षेत्र की दो कम्पनी अभ्यर्थियों के योग्यतानुसार कैम्पस चयन करेगी। जिसमें 8वीं से स्नातक और उससे ऊपर पास अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। 18 से 35 वर्ष उम्र के अभ्यर्थियों को उनके योग्यतानुसार कैम्पस चयन उनके योग्यतानुसार किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी प्रणव प्रतिक ने बताया कि कैंप में शामिल होने वाले अभ्यर्थी समय पर पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। विभाग की ओर से कैंप पुरी तरह से पारदर्शिता के साथ आयोजित की जाती है। कैंप में चयनित होने के लिए किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क नहीं करें। यह पूरी तरह से अभ्यर्थियों के योग्यता और अनुभव के अनुसार कंपनी में चयन करेगी। इन कंपनियों में 50 रिक्तियां के लिए अभ्यर्थियों का होगा चयन नियोजकों द्वारा प्राप्त कुल संभावित 50 रिक्तियां के लिए सफल अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिसमें रिसव ऑटो मोबाइल कंपनी में विभिन्न पदों के लिए स्नातक और उससे ऊपर के अभ्यिर्थियों को चयन करेगी। वहीं नव भारत फर्टिलाइजर्स लिमिटेड कंपनी 10वीं, 12वीं और स्नातक अभ्यर्थियों का चयन बिक्री प्रशिक्षु एवं कृषि अधिकारी के पद पर चयन करेगी।

### डीएम ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक कर किया विचार-विमर्श

**हाजीपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम यशपाल मीणा ने शनिवार को मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण को लेकर जिले के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। डीएम ने सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए जिले में मतदान केन्द्रों की युक्तिकरण को लेकर अबतक किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में वीवी पैट का प्रयोग किया जाएगा। वीवी पैट की एक क्षमता होती है। अतः ग्रामीण क्षेत्रों में 1400 से अधिक वोटरों वाले मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले जिले के 2559 बूथों का भौतिक सत्यापन किया गया। तत्पश्चात भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के आलोक में कई बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण का कार्य किया गया हैं। जिस प्रारूप में 132 नए मतदान केंद्र प्रस्तावित है। इस तरह वैशाली जिला में मतदान केन्द्रों की प्रस्तावित कुल संख्या 2691 है। 17 सितम्बर तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाना डीएम ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के क्रम में प्रकाशित मतदान केन्द्रों की प्रारूप सूची से संबंधित पूर्ण विवरणी उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाना है। अतः सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षित सहयोग की अपेक्षा है। इसके बाद 26 से 28 सितंबर के बीच जनप्रतिनिधियों के साथ एक बार पुनः बैठक बुलाई जाएगी। 5 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार द्वारा 9 अक्टूबर को भारत निर्वाचन आयोग को मतदान केंद्रों की सूची अनुमोदन हेतु भेजी जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग का 15 अक्टूबर के पहले इस पर अनुमोदन प्राप्त हो जायेगा। पातेपुर विधानसभा क्षेत्र में 29 नए मतदान केन्द्रों की वृद्धि डीएम ने बताया कि 123-हाजीपुर विधानसभा क्षेत्र में 13, लालगंज-124 विधानसभा क्षेत्र में 17, वैशाली-125 विधानसभा क्षेत्र में 16, महुआ 126- विधानसभा क्षेत्र में 11, राजापाकर-127 विधानसभा क्षेत्र में 15, राघोपुर-128 विधानसभा क्षेत्र में 13, महनार-129 विधानसभा क्षेत्र में 18 तथा पातेपुर-130 विधानसभा क्षेत्र में 29 नए मतदान केन्द्रों की वृद्धि प्रस्तावित है। बैठक में प्रस्तावित सूची के आलोक में विधान सभागार कई मतदान केन्द्रों की युक्तिकरण पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि किसी भी चुनाव के लिए मतदान केंद्र और मतदाता सूची महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इसके निर्माण में गंभीरता, सजगता और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि इसके लिए बीएलए एक्टिव करें।

# दानापुर में फक्कड़ महतो घाट पर नहाने के दौरान डूबा छात्र

## मौके पर SDRF की टीम मौजूद, तलाश जारी

एजेंसी, पटना।

दानापुर के फक्कड़ महतो घाट पर चौथी क्लास का छात्र डूब गया। जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। मौके पर एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम मौजूद है। सर्च अभियान जारी है। लापता छात्र की पहचान नासरीगंज निवासी अजीत शर्मा के पुत्र रणवीर कुमार(10) के तौर पर हुई है।



**सूचना मिलते ही पुलिस और SDRF की टीम मौके पर पहुंचीः** स्थानीय लोगों के मुताबिक रणवीर अपने 3 दोस्तों के साथ घाट पर पहुंचा था। नहाने के दौरान वो अपने दोस्त के कंधे पर चढ़ गया। दोस्त ने ही उसे पानी में गिरा दिया, जिससे वो डूबने लगा। घाट पर मौजूद एक युवक ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। जिसके बाद घटना की जानकारी दानापुर थाने को दी गई। पुलिस और SDRF की टीम मौके पर पहुंची।

**दोस्तों के साथ घाट पर पहुंचा थाः** वहीं, जानकारी मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। पिता अजीत शर्मा ने बताया कि आज स्कूल में छुट्टी थी। मैंने सुबह 10 बजे के करीब उससे कहा था कि आज कहीं नहीं जाना है। घर में बैठकर मोबाइल देखो। इसके बाद मैं अपने चाचा के घर पर चला गया। इस बीच वो अपने दोस्तों के साथ यहां आ गया।

**बच्चे की तलाश जारी हैः** दानापुर थाना अध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि स्नान करने के दौरान एक 10 साल का बच्चा डूब गया है। बच्चे की तलाश जारी है।

# पटना में गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

एजेंसी, पटना।



पटना के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत बेलछी प्रखंड के मनकौरा गांव में एक युवक चंदन कुमार (19) की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। वह अपने पिता राजाराम यादव को खाना पहुंचाने खेत गया था। उसके पिता सुबह से ही खेत में खाद दे रहे थे। पिता को खाना देने के बाद वह काफी देर तक घर नहीं पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के किनारे गड्ढे में युवक की लाश मिली है, जब उसके परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने गड्ढे में अपने बेटे की लाश देखी।

♦ **खेत से लौटने के दौरान हुआ हादसा, पिता को खाना देकर लौट रहा था घर**

**गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर हुई घटनाः** परिजनों का कहना है कि खेत से घर जाने के दौरान गड्ढा पार करने में वह गिर गया होगा, जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। वहीं दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे बाढ़ थाने के ASI मुकेश कुमार ने बताया कि गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर यह घटना घटी है। इसके कारण डूबते हुए युवक को कोई भी नहीं देख पाया और कई घंटे बाद उसका शव मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया है।

# पटना में हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।



पटना पुलिस ने हथियार के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से भारी मात्रा में जिंदा कारतूस भरी बरामद किया गया है। पुलिस का कहना है कि सभी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। फिलहाल पुलिस अपराधियों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, तीनों अपराधी कुख्यात शूटर हैं। सभी पर कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि सभी किसी की हत्या की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने दबोचा लिया। पुलिस तीनों अपराधियों से पूछताछ में जुटी हुई है। पूछताछ के बाद पटना पुलिस मामले में विस्तार से जानकारी देगी।

**हत्या करने की प्लानिंग कर रहे थे सभी, कुख्यात शूटर हैं तीनों अपराधी**

# RJD सांसद बोले-थानेदार ने धमकाया, जहां शिकायत करनी है कीजिए, MP-MLA को पॉकेट में लेकर घूमता हूं

एजेंसी, पटना।

बक्सर से राजद सांसद सुधाकर सिंह ने कैमूर जिले के रामगढ़ थाना प्रभारी पर धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लॉ-एंड-ऑर्डर को लेकर फोन किया था। सवाल पूछते ही भड़क गए और कहा-MP-MLA को पॉकेट में लेकर घूमते हूं। कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जहां शिकायत करनी है कर लीजिए। सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि '2 सितंबर को अभिनंदन कुमार ने मोबाइल नंबर 9973227473 से मुझे फोन किया। फोन रिसीव करते ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसकी लिखित शिकायत उसी दिन रामगढ़ थाने में की।' 7 सितंबर को नरहन और लबेदहा के स्थानीय किसानों ने मुझे बताया कि रामगढ़ थाना प्रभारी की ओर से लगातार धमकी दी जा रही है। इन दोनों मामलों को लेकर फोन किया था।



**मेरी शिकायत भी नहीं की गई कार्रवाईः** राजद सांसद ने कहा कि मेरी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसानों की समस्या को लेकर थाना प्रभारी से बात की तो मुझे ही बुरा भला कह दिया। कैमूर एसपी से शिकायत कर थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की है। रामगढ़ थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद का कहना है कि इस मामले में मुझे कुछ नहीं बोलना है।

♦ **सुधाकर सिंह ने लॉ-एंड-ऑर्डर को लेकर किया था फोन**

**लोकतंत्र में जनता मालिक है, मैं डरनेवाला नहींः** सुधाकर सिंह ने कहा है कि 'क्या यह बिहार पुलिस की कार्य प्रणाली है। यदि एक सांसद के साथ इस प्रकार का व्यवहार किया जा सकता है, तो आम नागरिकों की स्थिति क्या होगी?' उन्होंने कहा कि 'मैं इन धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। अब तक मुझे कमजोर करने के बहुत प्रयास किए गए और आगे भी किए जाएंगे, लेकिन लोकतंत्र में जनता मालिक है, न कि आप और आपकी पुलिस।'

# दुर्गा पूजा से पहले रंग-बिरंगी रोशनी से सजेगा बिस्कोमान भवन, NOC नहीं मिलने पर हो रही थी देरी

## गांधी मैदान के आस-पास 11 बिल्डिंग होंगे रोशन

एजेंसी, पटना।

बिहार की सबसे ऊंची इमारत बिस्कोमान भवन को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। दुर्गा पूजा से पहले बिस्कोमान भवन में फसाड लाइटें लगा दी जाएंगी। पटना स्मार्ट सिटी मिशन के तहत गांधी मैदान का सौंदर्यीकरण और आसपास की इमारतों को रोशन करने वाले प्रोजेक्ट के तहत इसका फैसला लिया गया है। बिस्कोमान में लाइटिंग का काम पिछले साल ही पूरा होना था, लेकिन NOC नहीं मिलने और अन्य कारणों की वजह से काम रुका हुआ था। अब इस काम में तेजी लाते हुए दुर्गा पूजा तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**8 करोड़ रुपए है प्रोजेक्ट की लागतः** फसाड लाइटों को लगाने के लिए स्मार्ट सिटी की ओर से टेंडर निकाल दिया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत गांधी मैदान के आसपास स्थित 10 बिल्डिंग को चिन्हित किया गया था। इन्हें अलग-अलग थीम पर बहुरंगी रोशनी से सजाया जाना था। इसमें बिस्कोमान भवन को बाद में एड किया गया और अब यह संख्या बढ़कर 11 हो गई है। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत लगभग 8 करोड़ रुपए है।




**यहां लग चुकी है रंग-बिरंगी लाइटः** स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अब तक आयुक्त कार्यालय, गांधी मैदान पुलिस स्टेशन, गांधी संग्रहालय, सुभाष पार्क, उद्योग भवन, गोलघर, गांधी मैदान में गांधी स्टेच्यू, ज्ञान भवन, बापू सभागार और श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र का सौंदर्यीकरण हो चुका है। इसमें फसाड लाइट को इंस्टॉल किया गया है। हर रंग अलग-अलग थीम को दर्शाता है जैसे गुलाबी रंग महिला सशक्तिकरण को, नीला रंग बिहार दिवस को, नारंगी और पीला रंग राज्य की विरासत और संस्कृति को, मल्टी कलर दिवाली को और तिरंगे की रोशनी स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को दर्शाता है।

# महिला का शव बरामद कल शाम से थी लापता

## गले, सिर और कनपट्टी पर जख्म के हैं निशाना

एजेंसी, पटना।



पटना के अथमलगोला में महिला अनीता देवी (35) का शव बरामद हुआ है। पूरा मामला नीरपुर गांव का है। शव, अनीता के मायके के पास ही गली में पड़ा मिला। अनीता के गले, सिर और कनपट्टी पर धारदार हथियार से हमले के निशान हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया। परिजनों ने बताया कि महिला का ससुराल मसौढ़ी में है, फिलहाल वह अपने मायके में रह रही थी। कल दोपहर 11:00 बजे महिला गहना छुडाने की बात कहकर फतुहा गई थी। इसके बाद देर होने पर मायके वालों ने कॉल किया तो मोबाइल फोन बंद बता रहा था। परिजनों के द्वारा महिला को फतुहा बाजार और आसपास के विभिन्न इलाकों में ढूंढा गया, लेकिन वह नहीं बोली। सुबह में जब ग्रामीण टहलने घर से निकले तो महिला का शव गली में पड़ा था। इसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मिलेगी जानकारी : पुलिस-** अथमलगोला थाने के SI सुबोध कुमार ने बताया कि धारदार हथियार से गला, सिर और कनपट्टी पर वार किया गया है। पुलिस के द्वारा छानबीन की जा रही है। हत्या की आशंका परिजनों ने किसी पर भी जाहिर नहीं की है। पोस्टमार्टम के बाद ही घटना की वजह का पता चलेगा है।

# पटना जू में लगेगा इको पार्क जैसा फाउंटेन

एजेंसी, पटना।

पटना जू के 'वॉटर गार्डेन' यानी 'जल उद्यान' का फाउंटेन अब आकार लेने लगा है। हालांकि, मुख्य फाउंटेन के डिजाइन में बदलाव किया गया है। पटना जू के रेंज ऑफिसर अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्य फाउंटेन का डिजाइन इको पार्क में लगे झरने जैसा होगा। इसे पहाड़ीनुमा नेचुरल झरने का लुक दिया जा रहा है। यह फाउंटेन 30 फीट ऊंचा होगा। इसके साइड से पाथवे बनाया गया है, जहां से विजिटर्स आ-जा सकेंगे। पटना जू में 7 तरह के फाउंटेन लगाए जा रहे हैं। इनमें से सभी फाउंटेन इंस्टॉल हो चुके हैं, बस इसका कुछ मैकेनिकल वर्क बाकी है। वहीं, रेन डांस फाउंटेन की ऊंचाई को भी 7 फीट बढ़ाया गया है। पहले यह 21 फीट का था और अब 28 फीट का हो गया है। रेन डांस फाउंटेन के अलावा रहत फाउंटेन, वॉल फाउंटेन, फिश फाउंटेन, बैम्बू फाउंटेन, मिस्ट फाउंटेन और एलिफेंट फाउंटेन आकर्षण के केंद्र होंगे। पटना



जू में जल उद्यान एक आकर्षण का केंद्र है। 30 साल पहले 1993 में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने इसका उद्घाटन किया था, लेकिन अब इसका विस्तार किया जा रहा है। 2.25 करोड़ रुपए की लागत से जल उद्यान के पुराने डिजाइन में बदलाव कर नया स्वरूप दिया जा रहा है। यह पूरा जल उद्यान 2000 स्क्वायर फीट में तैयार किया जा रहा है, जो पहले लगभग 900 स्क्वायर फीट एरिया में बना था। अरविंद कुमार ने कहा कि जल उद्यान के पानी में मौजूद कमल के फूल के साथ-साथ अन्य तरह के सुगंधित फूल भी लगाए जाएंगे।

# RJD ने कहा- मुख्यमंत्री जी, आपको बुला कौन रहा ?, जेपी नड्डा के सामने CM ने कहा था- उधर चले गए थे

एजेंसी, पटना।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पिछले दिनों पटना आए थे। उनकी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि दो बार उधर चले गए थे, गलती हुई अब नहीं जाएंगे। उनके इस वादे के बाद आरजेडी ने पहली बार कहा है कि कौन आपको बुला रहा है। आरजेडी के प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव कहते हैं कि 'बार-बार क्यों गलती करते हैं मुख्यमंत्री जी कि सफाई देनी पड़ती है। जूनियर के सामने भी सफाई देनी पड़ती है। आपके शार्गिदों ने कहां लाकर आपको खड़ा कर दिया है। यह स्वभाव बिहार के हित के लिए ठीक नहीं है। राजद में आते हैं तो कहते हैं मिट्टी में मिल जाएंगे पर भाजपा में नहीं जाएंगे, लेकिन फिर आप गए। पीएम का पैर भी आपने छूआ। कितनी बार बिहारीपन का मजाक उड़ाइएगा! बिहार के अतीत पर कालिख नहीं पोतिए।' वहीं राजद प्रवक्ता के इस बयान पर भाजपा ने भी पलटवार किया है। BJP प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा है कि बिहार के प्रति नीतीश कुमार का कमिटमेंट है कि वो बार-बार कह रहे हैं कि हमसे गलती हो गई। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि CM बेकार की बात करते हैं, कि इधर-उधर नहीं जाएंगे और आते रहते हैं और जाते रहते हैं।



**आइए या नहीं आइए आपकी मर्जी हैः** शक्ति सिंह यादव ने आगे कहा कि आपको कौन बुला रहा है? आप आइए या नहीं आइए, यह आपकी मर्जी है, कोई बुला रहा है क्या आपको? कभी इंजीनियर के सामने हाथ जोड़ते हैं तो कभी किसी के सामने। आज नीतीश कुमार को क्या हो गया है कि बार-बार माफी मांगनी पड़ रही है! भाजपाई के सामने माफी मांगने का व्यक्तित्व रहा है क्या? बिहार को लज्जित मत कीजिए।

**गलती हुई अब नहीं जाएंगे, BJP का पलटवार**

**बेकार की बात करते हैं कि इधर-उधर नहीं जाएंगेः** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि नीतीश जी को ईश्वर सद्बुद्धि दे कि बिहार के लोगों का भला करें। उन्होंने कहा कि नीतीश जी अब बिहार की बदहाली पर बोलिए बिहार के शिक्षा व्यवस्था पर बोलिए। बिहार के स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोलिए तो आप बेकार की बात करते हैं कि इधर-उधर नहीं जाएंगे और आते रहते हैं और जाते रहते हैं। मंत्री अशोक चौधरी के द्वारा यह दावा किया जाने पर के राष्ट्रीय जनता दल के कई विधायक उनके संपर्क में है और टूटने वाले हैं अखिलेश सिंह ने कहा कि अशोक चौधरी इतने बड़े नेता नहीं हो गए उन्होंने कहा कि अपनी गद्दी बचाने के लिए बोल रहे हैं, बोलने दीजिए। उनका अपना कोई ठिकाना नहीं है। अपराध पर उन्होंने कहा कि भगवान भरोसे बिहार चल रहा है। भगवान के कारण ही सुरक्षित है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा है कि बिहार के प्रति नीतीश कुमार का कमिटमेंट है कि वो बार-बार कह रहे हैं कि हमसे गलती हो गई। नीतीश कुमार को एहसास हो गया कि राजद के साथ जाना बिहार को विनाश की तरफ ले जाना है।

**संक्षिप्त समाचार**

## डॉक्टर साबिर के पिता के जनाजे की नमाज में उमड़ी भीड़

**चाणकय भूमि मझौलिया ।** प्रखंड के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर साबिर अली के अब्बा मोहम्मद इस्लाम अंसारी 93 वर्ष का इंतकाल हो गया। रविबार को जनाजे की नमाज में बड़ी भीड़ उमड़ी।जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों की भीड़ उमड़ी। मरहूम मोहम्मद इस्लाम अंसारी समाजसेवी मिलनसार हर दिल अजीज थे।मझौलिया चीनी मिल के फार्म में वर्षो कार्यरत रहे।फार्म मैनेजर राज आनंद प्रसाद और ऑफिसर टाइम ऑफिस सत्येन्द्र श्रीवास्तव नेशोक जताया है। उन्होने अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोडा हैं। इनके इंतकालकी खबर सुनते ही निधन की खबर सुनते ही सारा आलम शोक में डूब गया। शोक संवेदनाओं का तांता लगा। केसरी हेल्थ केयर के डॉ.रौशन केशरी ने बताया कि वे एक नेक दिल इंसान थे।उनके निधन से चिकित्सक समूह में शोक है।मझौलिया पंचायत के मुखिया सत्यप्रकाश,कई मदरसों के मौलाना,हरपुर गढ़वा के मुखिया पति अली असगर समेत क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की भारी भागीदारी रही।

## नदी में डूबने से किशोर की हुई मौत

**चाणक्य भूमि मझौलिया।** हरपुर गढ़वा पंचायत के बथना वार्ड नंबर 2 निवासी बृजकिशोर पंडित के 10 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार की मौत सिकरहना नदी में डूबने से हो गई। ग्रामीण किशोरों ने बालक के शव को नदी से बाहर निकाला । मृतक तीन भाई और एक बहन था। बालक की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा है ।घटना की पुष्टि पंचायत के मुखिया पति अली असगर ने किया है। उन्होंने घटना की जानकारी सीओ मझौलिया को दी है।

## दहवा पीएचसी मे इलाज में संसाधनों की कमी

**चाणक्यभूमि मधुबनी।** प्रखंड स्थित दहवा पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति का एक और शर्मनाक मामला सामने आया है। एक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का इलाज वेटिंग हॉल में चल रहा था, लेकिन अस्पताल कर्मियों की भारी लापरवाही के चलते घायल व्यक्ति के परिजनों को ही इलाज में मदद करनी पड़ी। मौके पर डॉक्टर और अन्य अस्पताल कर्मी उपस्थित थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इस गंभीर स्थिति में लापरवाही बरती। घायल व्यक्ति की जान खतरे में डालने वाली इस घटना ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल दी है। सवाल उठता है कि अगर डॉक्टर और स्टाफ मौजूद थे, तो इलाज में ऐसी चूक कैसे हो गई कि मरीज के परिजन खुद बोतल पकड़े रहे? इस मामले में दहवा पीएचसी के प्रभारी डॉक्टर आनंद कुमार ने सफाई देते हुए कहा, घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा था और उसके हाथ में लगी निडिल निकल गई थी, जिसे हमारे कर्मी फिर से लगा रहे थे। एंबुलेंस खराब था इसको लेकर जिला में सूचना दिया गया है। लेकिन सवाल यह भी है कि इलाज के दौरान ऐसी लापरवाही क्यों हुई, जिससे मरीज की जान खतरे में पड़ी और परिजनों को मदद करनी पड़ी?

## गोपालगंज में एसआई की ड्यूटी के दौरान मौत

**चाणक्य भूमि।** गोपालगंज के भोरे थाना में तैनात एक एसआई की अचानक ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने लगी। जब तक उनको साथी पुलिसकर्मी इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचते तब तक उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान झारखंड के साहिबगंज जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर गांव निवासी राजेश कुमार यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि राजेश कुमार यादव फरवरी माह से एसआई के रूप में भोरे थाना में अपना योगदान दिया था। इधर,एक सप्ताह पहले ही वह अपने घर छुट्टी पर गए थे। शनिवार की दोपहर गश्ती के दौरान उनके सीने में दर्द होने लगा। जैसे तैसे वे थाने पर पहुंचे, जहां से उन्हें रेफरल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।रविवार को उनके पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**चाणक्य भूमि मोतिहारी।** शहर के मिस्कौट सिटी पोस्ट ऑफिस के नजदीक स्थित जनसेवा फिजियोथेरेपी एवं दर्द निवारण क्लिनिक में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर निःशुल्क दर्द निवारण चिकित्सा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन हड्डी रोग विशेषज्ञ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ० कुमार सौरभ, न्यूरो सर्जन डॉ० प्रदीप कुमार एवं क्लिनिक के निदेशक फिजियोथेरेपिस्ट डॉ० गोपाल कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।निःशुल्क शिविर में पहुंचे हुए कमर दर्द, गर्दन दर्द, साइटिका, घुटना के दर्द, कंधा जाम होना तथा नस रोग से परेशान पचास मरीजों का मुफ्त चेकअप एवं ईलाज जन सेवा फिजियोथेरेपी एवं दर्द निवारण क्लिनिक के निदेशक डॉ० गोपाल के द्वारा किया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यूरो सर्जन डॉ० प्रदीप कुमार ने बताया की स्पाइन इंजूरी एवं लकवा उपचार एवं पुनर्वास में फिजियोथेरेपी की कारगर साबित होता है। वहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ कुमार डॉ० सौरभ ने जानकारी देते हुए कहा कि हड्डी के दर्द के उपचार में तथा हड्डी के ऑपरेशन के बाद फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दिया। इस अवसर पर डॉ० सुशील कुमार, डॉ० निरंजन सागर, डॉ० नवीन श्रीवास्तव, कुन्दन कुमार सिंह, स्वेता कुमारी, रंधीर कुमार, चन्दन जयसवाल, सचिन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा से छः वर्षों के लिए किया गया निष्कासित

**चाणक्य भूमि मोतिहारी।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा पूर्वी चम्पारण के जिलाध्यक्ष ई.रमेश पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की जंगबाहदुर कुशवाहा क़ो पार्टी विरुद्ध आचरण के कारण पार्टी से छः वर्षों के लिए प्राथमिक सदस्यता सहित किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पद से निष्कासित कर दिया गया है। यह निर्णय राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के साथ पिछले महीना अतिथि गृह मोतिहारी में वर्तालाप के उपरांत दिए गए निर्देश के आलोक में लिया गया है।बता दें कि जंग बहादुर कुशवाहा विगत लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के निर्णय के विरोध में जाकर महागठबंधन के प्रत्याशी डा. राजेश कुमार के पक्ष में प्रचार किये एवं उनके साथ फोटो खींचकर सोशल मीडिया में डाले थे, जिसके कारण पार्टी कि छवि धूमिल हुई, तब से ही पार्टी में उनके प्रति नाराजगी थी।निष्काषन का निर्णय क्षेत्रीय प्रभारी सह किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह एवं संगठन प्रभारी इंजीनियर शौकत अंसारी के उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी के बैठक में लिया गया।

# वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के विरोध में हुई बैठक

**चाणक्य भूमि मधुबनी**

वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के विरोध में नूरी जामा मस्जिद के प्रांगण में स्थित मदरसा नूरिया बराकतुल- उलूम के हॉल में जयनगर प्रखंड के मुस्लिम प्रतिनिधियों, विद्वानों और बुद्धिजीवियों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भाग लेने वालों में कई जानकार लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए, जयनगर के जाने- माने युवा नेता एडवोकेट सैयद हस्सानुल हक ने वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के गंभीर पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है कि संसद में कोई विधेयक पारित नहीं हुआ। क्योंकि सत्तारूढ़ दल को संसद के दोनों सदनो में भारी बहुमत की जरूरत पड़ती है, इसलिए हर विधेयक आसानी से पारित हो जाता था। जहां तक वक्फ संशोधन विधेयक 2024 की बात है तो सबसे पहले हमें यह समझना होगा कि वक्फ क्या है ? वक्फ एक्ट 1995 में, वक्फ की परिभाषा कुछ इस तरह बताई गई है ? "कोई भी संपत्ति, जो किसी व्यक्ति द्वारा धार्मिक या सामाजिक उद्देश्यों के लिए इस्लामिक शरीयत के प्रावधान के तहत दान की गई हो।" वर्तमान में, यह विधेयक जेपीसी द्वारा विचाराधीन है, इसलिए इसका सार्वजनिक स्तर पर विरोध होना चाहिए। क्योंकि मौजूदा विधेयक में ऐसे प्रावधान लाए जा रहे हैं, जिससे वक्फ की जमीनों पर माफिया का कब्जा बढ़ जाएगा और आगे बताया कि इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद वक्फ संबंधी विवादों का मामला जिला मजिस्ट्रेट के पास जाएगा।जिससे भविष्य में वक्फ सम्पत्ति पर माफिया का कब्जा और भी आसान हो जाएगा। हम देख रहे हैं कि मौजूदा सरकार मुसलमानों से जुड़ी चीजों में ज्यादा दखल दे रही है। वक्फ संशोधन विधेयक लाकर मोदी सरकार वक्फ बोर्ड में पंजीकृत सम्पत्तियों को कॉरपोरेट मित्रों को गिफ्ट करने की साजिश कर रही है, इसलिए इस बिल का विरोध करना बेहद जरूरी है। हम शांतिपूर्ण तरीके से इस बिल का पुरजोर विरोध करते हैं। वहीं उपस्थित जयनगर के सामाजिक कार्यकर्ता मंजर हसन उर्फ गुड्डू मंसूरी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में हमारा पहला कदम यह होगा कि स्कैनर के माध्यम से अपनी राय/ ज्ञापन जेपीसी को ईमेल करना तथा आगामी 15 सितंबर को मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का एक सम्मेलन पटना में आयोजित होगा, हम जयनगर वासियों से आव्हान करते हैं कि बड़ी संख्या में इस सम्मेलन में शामिल होने का प्रयास करें। आगे इस्लामपुर के मुहम्मद साबिर ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड सरकार द्वारा बनाया गया एक बोर्ड है जिसमें भारतीय मुसलमान अपनी मस्जिदों, मदरसों और ईदगाहों का पंजीकरण कराते हैं, तो फिर सरकार ऐसा कानून क्यों बना रही है जिससे वक्फ की जमीन पर कोई और कब्जा कर सके। फिर, डॉ. मुहम्मद हुसैन मिस्बाही ने अपने वक्तव्य में कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2024 मुसलमानों को अस्वीकार्य है। वक्फ अधिनियम 2013 (संशोधित) ही लागू रहना चाहिए। क्योंकि सरकार मौजूदा विधेयक के जरिए मुसलमानों का कुछ भी भला नहीं करना चाहती। बल्कि वक्फ की सम्पत्ति पर बुरी नजर है।हमारी सबसे बड़ी आपत्ति इस विधेयक के उस प्रावधान पर है, जो वक्फ ट्रिब्यूनल के महत्व को खत्म कर देता है और वक्फ संपत्ति से संबंधित विवादों को जिला मजिस्ट्रेट को स्थानांतरित कर देता है। क्योंकि जिला मजिस्ट्रेट के पास कई मामले वर्षों तक लंबित रहते हैं तब तक कई पीढ़ी वक्फ संपत्ति पर कब्जा करके इससे फायदा उठा लेगी और यह भी स्मरण रहे कि अब तक वक्फ संपत्ति का विवाद वक्फ ट्रिब्यूनल में होता था वक्फ ट्रिब्यूनल कोई ऐसी अदालत नहीं है, जो मुसलमान द्वारा बनाई गई हो बल्कि, इसे सरकार द्वारा ही बनाया गया है।जिसमें कानूनी विशेषज्ञ और सेवानिवृत्त न्यायाधीश आदि शामिल होते हैं, ट्रिब्यूनल होने का फायदा यह था कि मामला जल्दी सुलझ जाता था। ऐसे ही इस विधेयक में अन्य प्रावधान हैं जो आपत्तिजनक हैं। इसलिए हम इस बिल का पुरजोर विरोध करते हैं। हाफिज मंजूर साहब ने अपने बयान में कहा कि मौजूदा सरकार हर उस मुद्दे पर हस्तक्षेप कर रही है जो मुसलमानों के धर्म से जुड़ा है। हमें इसका विरोध करना होगा क्योंकि हमारे देश के संविधान ने हमें यह अधिकार दिया है, कि हम अपने धर्म का पालन करते हुए इस देश के नागरिक के बतौर सारे अधिकार प्राप्त कर सकते हैं।

मस्जिद कमेटी के सचिव मुजाहिर साहब ने इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया और इस बैठक के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सबसे पहले वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के संबंध में हमारे समाज में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है, क्योंकि अधिकांश लोगों को यह पता ही नहीं है कि वक्फ क्या है। इसलिए इस बैठक में आए सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि वे यहां से निकलने के बाद अपने आसपास के लोगों के बीच वक्फ और वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के बारे में जागरूकता पैदा करें और उन्हें ईमेल के जरिए भी इस बिल का विरोध करने के लिए प्रेरित करें। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलानी आजाद ने कहा कि हमें एकता और एकजुटता दिखाकर इस बिल का विरोध करना है ताकि यह बिल संसद में पारित न हो। क्योंकि ये बिल हमारे लिए सही नहीं है। हम यह संकल्प लें कि इस विधेयक के विरोध में हमें रैली, सम्मेलन या विरोध प्रदर्शन करने की जरूरत पड़ी तो हम वो भी करेंगे, इस बैठक का संचालन नुरी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सिराज मिस्बाही ने किया, जयनगर के वयोवृद्ध समाजसेवी इदरीस मंसूरी के मार्गदर्शन में इस बैठक का आयोजन किया गया। मस्जिद कमेटी के सचिव मुजाहिर साहब, जाकिर साहब, शकूर साहब, मंजर हसन उर्फ गुडू मंसूरी एंव अन्य ने इस बैठक के आयोजन में अहम भूमिका निभायी।

## जटाशंकर मंदिर परिसर में जंगली हाथी से बचाव को लेकर अहम बैठक आयोजित

**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर**



वन विभाग के सभागार में प्रशिक्षु डीएफओ स्टालिन फिडेल कुमार की उपस्थिति में थारू कल्याण महासंघ के अधिकारियो के साथ एक अहम बैठक की गई जिसमें जटाशंकर मंदिर परिसर में पेयजल, शौचालय,यात्री शेड, एवं जंगली हाथी से बचाव को लेकर एक कार्य योजना बनाई गई। डीएफओ स्टालिन फिडेल कुमार की अध्यक्षता में कार्य शुरू कराने को लेकर थारू कल्याण महासंघ के सदस्यों के साथ बैठक कर प्रस्ताव पास किया गया। इस बाबत डीएफओ ने बताया कि जटाशंकर मंदिर के समीप स्थित कुआं के पास वन विभाग सोलर प्लांट लगाने की पहल की गई है। इसके लिए मंदिर की देखरेख करने वाले थारू कल्याण महासंघ के लोगों के साथ एक बैठक कर इस मुद्दे पर चर्चा की गई। चर्चा में शौचालय, पेयजल, कचरा प्रबंधन एवं हिसंक वन्यजीवो से मंदिर में

**» प्रशिक्षु डीएफओ के साथ थारू कल्याण महासंघ के सदस्य बैठक में रहे शामिल**

रहने वाले पुजारी एवं श्रद्धालुओं के बचाव को लेकर कांटेदार जाली से परिसर का घेराव आदि पर प्रस्ताव दिया गया। जल्द ही इस प्रस्ताव को वरीय अधिकारियों के पास भेज कर काम शुरू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। बता दें कि विगत महीने वाल्मीकिनगर पहुंचे वन मंत्री प्रेम कुमार से इस व्यवस्था को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष निर्भय कुमार के द्वारा एक पत्र सौंपा गया था। वन मंत्री ने आश्वासन दिया था कि जटाशंकर मंदिर के पास रोशनी की व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय व पेयजल की व्यवस्था भी कराई जाएगी। वन विभाग द्वारा मंदिर परिसर में कराए जाने वाले इस कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

## क्षेत्र के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना के लिये गणेश पूजा का आयोजन

**चाणक्य भूमि मधुबनी**



जिले मधुबनी के बाबूबरही प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में श्री श्री 1008 नवयुवक गणेश पूजा समिति के द्वारा दिन शनिवार को श्रीगणेश पूजन की विधिवत शुभारंभ/ समाजसेवी मनोज झा ने वैदिक अनुष्ठान और मंत्रोच्चार के बीच पूजा का शुभारंभ किया। इस पूजा महोत्सव के दरम्यान भव्य पंडाल का निर्माण किया गया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीगणेश की विधिवत पूजा/ अर्चना की तथा मधुबनी जिले के सभी क्षेत्र के लोगों की सुख शांति और समृद्धि प्रदान करने की कामना गणेश भगवान से की। आगे, बताते चलें कि समाजसेवी मनोज झा ने मीडिया के माध्यम से बताया कि भगवान श्रीगणेश जी की पूजा प्रथम तोर पर की जाती हैं।इनकी आराधना करने से लोगों का हरेक मनोकामना पूरी होती है साथ ही, जो भक्त के इनकी विधिवत् पूजा अर्चना करता है, तो श्रीगणेश भगवान उन्हें आशीर्वाद देते हैं, जिससे हम सभी खुशहाल जीवन जी सकें। आगे, उन्होंने कहा कि मैं लगातार हर गांव हर कस्बे और हर घर तक पहुंचने का प्रयास करता रहता हूं, ताकि किसानों हो या मजदूर तथा अन्य गरीब, लाचार लोंगो की भलाई मेरी तरफ से हो सकें, साथ ही आगे उन्होंने कहा कि मैं लगातार स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, बिजली, भ्रष्टाचार तथा अन्य समस्या सहित इस क्षेत्र के लोगों के लिए हमेशा आवाज उठाता रहता हूँ। जिससे इस क्षेत्र की जनता का भला हो सके और सरकारी लाभ मिल सके। आगे हम बताते चलें इस गणेश पूजा के दिन लगभग 501 कन्याओं ने मंदिर प्रांगण से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया जो पिपराघाट से होकर जलभर कर वापस मंदिर प्रांगण में स्थापित किया गया।

## माधोपुर के वैज्ञानिकों के द्वारा मनाया गया पोषण वाटिका का कार्यक्रम



**चाणक्य भूमि बैरिया**

मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के सेनुवरीया में कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर के बैज्ञानिको के द्वारा पोषण वाटिका कार्यक्रम मनाया गया लैब आफ एजुकेशन संस्था के संस्थापक नितेश कुमार पटेल ने बताया कि वैज्ञानिकों के द्वारा युवा पीढ़ी को पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दिया बताया की किस मौसम में कौन सा सब्जी, फल और खाद सामग्री प्रयोग करना चाहिए जिससे अधिक से अधिक फायदेमंद हो और मौसम बदलने के कारण जो बीमारियों होता है वह न हो। वही डॉक्टर जगपाल ने उपस्थित लोगो के बीच में किचन गार्डन और पोषण वाटिका के बारे में विस्तृत जानकारी दिये और गोभी के पौधा का वितरण भी किए। सत्येंद्र सिंह बच्चे को जैविक खेती करने का सलाह दिए। अभिषेक कुमार जूनियर वैज्ञानिक बच्चे लोगों को मौसमी फल खाने का सलाह दिये। मौके पर महिमा पटेल, गोलू कुमार, पुष्पा कुमारी, काजल कुमारी, राजीव कुमार, निभा कुमारी, नितेश कुमार, सनी कुमार, अवनीश कुमार,आदि लोग।

## सात दिवसीय गणेश पूजनोत्सव मेला का हुआ शुभारंभ

**चाणक्य भूमि कलुआही**

बरदेपुर गांव के गणेश चौक पर श्री श्री 1008 श्री गणेश पूजा समिति द्वारा वर्ष 1996 से लगातार श्री गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। विगत वर्षो के तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात दिवसीय श्री गणेश की पूजा की शुरुआत किया गया है। बताते चलें कि गणेश पूजा से उठ रहे धार्मिक चर्चाओं से कलुआही प्रखंड क्षेत्र में भक्तिमय माहौल हो गया है। जहां शनिवार को 201 कुमारी कन्याओं द्वारा कलश शोभा यात्रा के साथ ही पूजा का शुभारंभ कर दिया गया, लोग सुबह से ही भगवान गणेश की आराधना व दर्शन के लिए जुट रहे है। सुबह- शाम भगवान गणेश की आरती की जा रही है, तो वहीं, पूजा स्थल पर भव्य पंडाल बनाकर उसमें गणेश जी, रिद्धि सिद्धि, देवी सरस्वती, माता लक्ष्मी, बाबा महादेव और माता पार्वती सहित अन्य देवी-देवताओं के भी मूर्ति की पूजा की जा रही है। बता दें की आयोजन समिति के संयोजक प्रशांत रंजन और अध्यक्ष अरुण यादव ने बताया कि यहां लगातार 28 वर्षो से गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्री गणेश जी का मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना करते है। इस बार 7 सितंबर से लेकर 13 सितम्बर तक पूजा का आयोजन किया जा रहा है, यहां की मान्यता है की जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से गणपति बप्पा के दरबार में आते है, उनका मनोकामनाएं पूर्ण होती है तथा इस दरबार में विभिन्न जिले के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल से भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आना होता है। तो वही, कोषाध्यक्ष राहुल साह और सचिव भगवान झा एवम् कृष्णा साह ने बताया कि पूजा स्थल के बगल में ही भव्य मेला का आयोजन किया गया है। जहां श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए टॉवर झूला, ब्रेक डांस, मौत कुंआ, नाव झूला, मिठाई दुकान और मीना बाजार के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजक समिति ने बताया कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया है। किसी भी तरह की असुविधा होने पर समिति कार्यालय में आकर अपनी शिकायत दर्द करा सकते है। वही रविवार को कलुआही उप प्रमुख चंदन प्रकाश यादव और बासोपट्टी वार्ड सदस्य महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष संजीव पासवान पूजा स्थल पर पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी का पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर उप प्रमुख ने कहा कि यह आयोजन लंबे समय से होता आ रहा है। आगे उन्होंने आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में धर्म की प्रचार प्रसार के साथ एकता को बल मिलता है। लोगों के अंदर भाईचारे और धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने मेला में आने तमाम बड़े बुजुर्ग, महिलाएं और खास कर युवाओं से शांति पूर्ण तरीके से मेला के संचालन में सहयोग करने का अपील की है। मौके पर संयोजक प्रशांत रंजन, अध्यक्ष अरुण यादव, कोषाध्यक्ष राहुल साह, सचिव भगवान झा और कृष्णा साह सदस्य सूरज साह, रमेश भगत, बिट्टू कुमार, संजीत झा, माधव झा, अजीत महतो, राजन कुमार, मिथलेश शर्मा, सुभाष यादव, मोनू यादव, राघव यादव, कन्हैया साह, रितेश साह, श्रवण साह और अमित यादव समेत अन्य सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे।

## पार्टी मजबूती को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी की बैठक संपन्न

**चाणक्य भूमि बैरिया**

बैरिया प्रखंड क्षेत्र के पखनाहा डुमरिया पंचायत के पखनाहा शिव मंदिर के प्रांगण में लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक युवा प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन पासवान व पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष नितेश शुक्ला ने बताया कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रिढ होते है। कार्यकर्ता के बल पर ही पार्टी को मजबुती मिलता है। अभियान चलाकर पर बैरिया प्रखंड क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत में पंचायत अध्यक्ष व बुथ अध्यक्ष बनाना है। जिसको लेकर जानकारी दि गई। इसके साथ ही सभी कार्यकर्ता ने बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का संकल्प लिया गया साथ ही आगामी 28 नवम्बर को पटना गान्धी मैदान में होने वाला कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर बैरिया प्रभारी लालजी पासवान, प्रखंड अध्यक्ष बिरजू ठाकुर, आरमान आलम आदि मौजूद रहे।

## रिहायशी मोहल्ले में चल रहे नशे के कारोबार के खिलाफ लोगों का गुस्सा



**चाणक्य भूमि**

शहर के नागा रोड में एक व्यक्ती द्वारा नशे के सामानों का व्यापार किया जा रहा था और पुलिस इस बात से अनजान थी और इसी वज़ह से वहाँ हमेशा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रह रहा है।

लोगो के द्वारा लगातार प्रशासन को खबर देने के बाद भी जब पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होती है जिसकी वजह से नागा रोड के सैकड़ों

**» मोहल्ले में चल रहा था नशे का कारोबारी पुलिस बनी हुई थी अंजान**

लोग रक्सौल थाना पर पहुंचे। हालाँकि रक्सौल थाने की पुलिस आरोपी के घर पर जांच के लिए पहुंची, लेकिन वहां पुलिस को कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला। प्रभारी थानाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है, पुलिस टीम को भेजकर मामले की जांच करायी गयी है।

# नरकटिया विधानसभा के सैंकड़ों युथ ने एआईएमआईएम की सदायस्ता ग्रहण की

**चाणक्य भूमि**

**मोतीहारी।** 12 नरकटिया विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो युवा को एआईएमआईएम के भावी प्रत्याशी डा० शमीमूल हक के द्वारा ऑल इंडिया मजलिश–ए –इतेहादुल मुस्लिमीन में सामिल कराया गया और पार्टी को मजबूत करने काम किया बिहार में पार्टी काफी तेजी से मजबूत हो रहीं है और आने वालें समय में बिहार मे एआईएमआईएम एक बड़ी पार्टी बनकर उभरने जा रही है। डा० शमीमुल हक ने कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव में काफी मजबूती के साथ लड़ने जा रही है और बिहार में अच्छे सीट ले कर आयेंगे।एआईएमआईएम युवा नेता अलतमस आलम ने कहा की मजलिस का करवा आगे की ओर बढ़ रहा है और आने वाले समय में बिहार मे सबसे बड़ी पार्टी होगी । पार्टी के बड़े नेता अलतमस आलम, इंजमामुल हक, अजमत अली, विजय कुमार, पूर्वी चम्पारण जिला अध्यक्ष नसीम अख्तर जिला महासचिव इस्माइल भाई राजा बाबू पूर्वी चम्पारण प्रवक्ता फखरे आलम आशिक




आदि लोगो ने मुबारकबाद दिए। मुर्तुजा आलम, जमशेर आलम, राकेश कुमार ,शमा एजाज, जहूर ,सेराज आलम ,सोनू आदि सैकड़ो युवा सदायस्ता ग्रहण किया

# पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत का सफर समाप्त, 7 स्वर्ण समेत जीते 29 पदक

एजेंसी, पेरिस

पेरिस पैरालंपिक 2024 में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के बाद भारत का सफर समाप्त हो गया है। रविवार को पैरालंपिक के अंतिम दिन पैरा कैनो में भारतीय खिलाड़ी पूजा ओझा वूमेन्स 200 मीटर एकल केएल-1 स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। वह इस स्पर्धा के सेमीफाइनल में 1:17.23 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इससे वह फाइनल के लिए क्वालिफाई करने से चूक गईं। मौजूदा पैरालंपिक गेम्स में भारत का ये आखिरी इवेंट था। इस तरह भारतीय दल का पैरालंपिक में सफर अब समाप्त हो गया है। पेरिस पैरालंपिक में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। अबकी बार भारत ने रिकॉर्ड 29 पदक हासिल किए। इसमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक हैं। इससे पिछले सारे रिकॉर्ड्स ध्वस्त हो गए हैं। इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ



प्रदर्शन था। टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भारत ने 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक समेत कुल 19 पदक जीते थे। भारत ने इस बार पैरालिंपिक में भाग लेने के लिए 84 एथलीटों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा था। भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार पैरा एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा 17 पदक जीते हैं। इसमें चार स्वर्ण भी शामिल हैं। इसके बाद दूसरा नंबर पैरा बैडमिंटन का रहा। इसमें भारत ने एक स्वर्ण समेत 5 पदक जीते। पैरा शूटिंग में भारत को एक स्वर्ण समेत 4 पदक हासिल हुए। पैरा आर्चरी में भारत ने एक स्वर्ण समेत 2 पदक और पैरा जूडो में 1 कांस्य पदक जीता। पैरालिंपिक के इतिहास पर नजर डालें तो 1968 से लेकर 2016 के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने पैरालंपिक गेम्स में सिर्फ 12 पदक जीते थे लेकिन इसके बाद पैरालंपिक गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने उड़ान भरी। टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भारतीय खिलाड़ियों ने 19 और मैजूदा पेरिस पैरालंपिक में 29 पदक जीते हैं, जिसका कुल योग 48 होता है। पैरालंपिक गेम्स में भारत की यह एतिहासिक उड़ान काफी मायने रखती है। पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत को पहला पदक स्टार शूटर अवनि लेखरा ने दिलाया, जो स्वर्ण पदक के रूप में आया। इसके बाद नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन), सुमित अंतिल (पैरा एथलेटिक्स), हरविंदर सिंह (पैरा तीरंदाजी), धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स) और नवदीप सिंह ने (पैरा एथलेटिक्स) भी स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक समेत कुल 29 पदक हासिल किए। 29वां पदक पैरा एथलीट नवदीप सिंह ने मेन्स जैवलिन थ्रो एफ41 में दिलाया, जो स्वर्ण के रूप में रहा। इस तरह भारत का पहला और आखिरी पदक स्वर्ण पदक के रूप में रहा। पहली बार भारत ने पैरालंपिक गेम्स में इतने ज्यादा स्वर्ण पदक जीते हैं। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों ने टोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण पदक जीते थे।

# मोईन अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी, नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी व्हाइट बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में नहीं चुने जाने के बाद इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर मोइन अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। दस साल के लंबे करियर के बाद उन्होंने इंग्लैंड टीम को अलविदा कह दिया। मोईन ने कहा कि यह उनके लिए संन्यास लेने का सही समय है, ताकि युवाओं को टीम में ज्यादा से ज्यादा मौका मिल सके। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वाइट बाल सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में नहीं चुना गया था। मोईन अली ने डेली मेल के साथ साक्षात्कार में कहा कि मैं 37 साल का हूं और इस महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए मुझे नहीं चुना गया। मैंने इंग्लैंड के लिए काफी क्रिकेट खेली है। अब अगली पीढ़ी को मौका देने का




समय आ गया है, जिसके बारे में मुझे बताया भी गया। मुझे लगा कि यह सही समय है। मैंने अपना काम कर दिया है।

स्टार ऑलराउंडर मोईन ने 2014 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 68 टेस्ट, 138 वनडे और 92 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने तीनों प्रारूपों को मिलाकर 6678 रन बनाए। इनमें 8 शतक, 28 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 366 विकेट भी लिए। मोईन 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड टीम का हिस्सा रह चुके हैं। मोईन अली ने 2014 से 2024 तक 298 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भाग लिया।

# एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष बने रणधीर सिंह, यह पद ग्रहण करने वाले पहले भारतीय



एजेंसी, नई दिल्ली

अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने गए हैं। रविवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित 44वीं ओसीए आम सभा में इसकी घोषणा की गई। वह ओसीए अध्यक्ष बनने वाले पहले भारतीय हैं। ओसीए ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पांच बार के ओलंपियन 77 वर्षीय रणधीर सिंह ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे। उनका चयन सर्वसम्मति से किया गया। उनका कार्यकाल 2024 से 2028 तक रहेगा। आम सभा में अध्यक्ष, पांच क्षेत्रों के लिए पांच उपाध्यक्ष और पांच कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नए कार्यकारी बोर्ड की ओर से रणधीर ने कहा कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आपने जो प्यार और स्नेह दिखाया है, उसके लिए हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। मैं तहे दिल से आपका शुक्रिया अदा करता हूं। रणधीर सिंह ने 1987 में खेल प्रशासन करियर की शुरुआत की। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ का महासचिव नियुक्त किया गया। इस पद पर वह 2012 तक रहे।

# राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग का शुभारंभ

एजेंसी, मुरादाबाद

कृष्णावती बैडमिंटन क्लब कांठ मुरादाबाद के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग का शुभारंभ रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्टेडियम रामगंगा विहार में हुआ। लीग का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोठीवाल डेंटल कॉलेज रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. केके मिश्रा, विशिष्ट अतिथि स्प्रिंगफील्ड कॉलेज के प्रबंध विपिन जेटली ने दीप प्रज्वलित करके व फीता काटकर किया। कृष्णावती बैडमिंटन क्लब कांठ के प्रबंधक अचल विश्नोई ने बताया



कि राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कार्ड प्रीमियर लीग में मुरादाबाद के अलावा बरेली, आगरा, बिजनौर, बदायूं, अमरोहा, संभल आदि जनपदों के खिलाड़ी प्रतिभा कर रहे हैं। प्रीमियर लीग में 18 टीमों में 72 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का परिणाम आज देर रात घोषित किया जाएगा। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. केके मिश्रा ने कहा कि जो खिलाड़ी खेल के मैदान में पसीना बहाते हैं, वह निश्चित ही सफलता को प्राप्त करते हैं। कोई भी खिलाड़ी अपने लिए खेल में नहीं खेलता है, वह अपने जिले, प्रदेश और देश के लिए खेलता है। प्रतियोगिता में जब उसे जीत हासिल होती है तो उसके शहर का नाम, प्रदेश का नाम और देश का नाम ऊंचा होता है। प्रीमियर लीग कार्यक्रम का संचालन निमित जायसवाल ने किया। इस मौके पर आयोजकों के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व जूडो कोच सतीश चंद्र शर्मा, बैडमिंटन प्रशिक्षक आसिफ सिद्दीकी, भाजपा पार्षद सुरेंद्र विश्नोई, योगेश शर्मा, देशकांत त्यागी, नरेंद्र बिश्नोई आदि रहे।

## व्यापार

# पहले सप्ताह के कारोबार ने सितंबर के अंजाम को लेकर डराया, शेयर बाजार में गिरावट का रुख

एजेंसी, नई दिल्ली

सितंबर के पहले कारोबारी सप्ताह में घरेलू शेयर बाजार के प्रदर्शन ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि पिछले 10 साल के ट्रेंड के मुताबिक एक बार फिर सितंबर का महीना निवेशकों के लिए नुकसान वाला महीना साबित हो सकता है। इसके पहले 2014 से लेकर अभी तक 7 बार सितंबर का महीना निगेटिव रिटर्न दे चुका है। सितंबर के पहले सप्ताह के दौरान सोमवार से शुक्रवार के बीच सेंसेक्स 1,540 अंक से अधिक गिर चुका है। इसी तरह निफ्टी में भी 5 दिन के कारोबार के दौरान 415 अंक से अधिक की गिरावट आ चुकी है। पिछले सप्ताह के ट्रेंड की वजह से निवेशकों को लगने लगा है इस बार भी सितंबर का महीना मंदड़ियों को फायदा पहुंचाने वाला महीना बन सकता है।



पिछले 10 सालों के ट्रेंड को अगर देखा जाए तो 2014 से अब तक शेयर बाजार को सितंबर के महीने में सात बार नुकसान का सामना करना पड़ा है। हालांकि इन 10 सालों में 2019, 2021 और 2023 में सितंबर के महीने के दौरान शेयर बाजार तेजड़ियों के लिए मददगार रहा है। यानी इन तीन सालों में शेयर बाजार ने निवेशकों को पॉजिटिव रिटर्न दिया है, जबकि 2014 से लेकर लगातार 2018 तक और उसके बाद 2020 तथा 2022 के सितंबर में शेयर बाजार में नेगेटिव रिटर्न दिया। इन 7 सालों में सितंबर का महीना मंदड़ियों के लिए मुफीद बना रहा और निवेशकों को औसतन 0.74 प्रतिशत नुकसान का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर 2019 में शेयर बाजार ने 3.6 प्रतिशत, 2021 में 2.7 प्रतिशत और 2023 में शेयर बाजार ने 1.5 प्रतिशत का मुनाफादायक रिटर्न दिया।

मार्केट एक्सपर्ट्स घरेलू शेयर बाजार में मामूली करेक्शन का अनुमान जता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि शेयर बाजार लगातार 12 कारोबारी सत्रों में मजबूत होता रहा है। इसलिए आने वाले कुछ सत्रों में बाजार में मुनाफा वसूली जारी रह सकती है। बग्गा सिक्योरिटीज एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के सीईओ नरेंद्र बग्गा के अनुसार इस महीने के कारोबार पर अमेरिकी बाजार की चाल का काफी असर पड़ेगा। वहीं अमेरिकी बाजार की चाल को सबसे अधिक अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों पर लिया जाने वाला फैसला प्रभावित करेगा। इसके साथ ही रोजगार के आंकड़े से भी अमेरिकी बाजार की चाल पर असर पड़ेगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व 18 सितंबर को ब्याज दरों के संबंध में अपने फैसले का ऐलान करने वाला है लेकिन रोजगार के आंकड़े उसके पहले ही बाजार के साथ ही वॉक स्ट्रीट के सूचकांकों पर अपना असर डाल चुके होंगे। इसीलिए इस महीने के दूसरे सप्ताह के दौरान बाजार सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ नजर आ सकता है या बाजार में मामूली नरमी भी आ सकती है। इसी तरह धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि मौजूदा समय में घरेलू शेयर बाजार में लिस्टेड कई कंपनियां अपने एक्चुअल वैल्यूएशन से काफी ऊपर कारोबार कर रही हैं। ऐसी स्थिति में सितंबर के आने वाले दिनों में बाजार में करेक्शन जारी रह सकता है।

# देश की टॉप 10 कंपनियों में से 8 के मार्केट कैप में गिरावट, रिलायंस देश की मोस्ट वैल्यूड कंपनी

एजेंसी, नई दिल्ली

सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 8 के मार्केट कैप में कुल 2.01 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। हालांकि टॉप 10 में शामिल दो कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिला कर 17,915 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी भी हुई। एक्सचेंज की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक सोमवार से शुक्रवार के बीच के कारोबारी सप्ताह के दौरान सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जबकि मार्केट कैप में गिरावट के मामले में टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) दूसरे स्थान पर रही। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 60,824.68 करोड़ रुपये घट कर 19,82,282.42 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज का मार्केट कैप 34,136.66 करोड़ रुपये घट कर 16,12,762.51 करोड़ रुपये रह गया। इन दोनों कंपनियों के अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट



कैप 29,495.84 करोड़ रुपये घट कर 6,98,440.13 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह भारती एयरटेल का मार्केट कैप 28,379.54 करोड़ रुपये की कमी के साथ 8,76,207.58 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप में गिरावट के मामले में इंफोसिस पांचवें स्थान पर रही, जिसका मार्केट कैप 17,061.44 करोड़ रुपये कम होकर 7,89,819.06 करोड़ रुपये रह गया। इसी तरह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 16,381.74 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 6,57,009.14 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 15,169.76 करोड़ रुपये घट कर 8,51,204.65 करोड़ रुपये के स्तर पर और आईटीसी का मार्केट कैप 250.11 करोड़ रुपये घट कर 6,27,337.65 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इन 8 कंपनियों के अलावा टॉप 10 में शामिल दो अन्य कंपनियों हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान कुल मिला कर 17,915.13 करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 14,179.78 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 6,66,919.73 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 3,735.35 करोड़ रुपये बढ़ कर 12,47,941.78 करोड़ रुपये हो गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 19,82,282.42 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 16,12,762.51 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 12,47,941.78 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 8,76,207.58 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 8,51,204.65 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 7,89,819.06 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 6,98,440.13 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 6,66,919.73 करोड़ रुपये), एलआईसी (कुल मार्केट कैप 6,57,009.14 करोड़ रुपये) और आईटीसी (कुल मार्केट कैप 6,27,337.65 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से नौवें स्थान पर बने रहे।

# सर्राफा बाजार की कमजोरी से सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली

एक दिन की तेजी के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में एक बार फिर गिरावट आ गई है। सोना आज 400 रुपये से लेकर 450 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। इसी तरह चांदी में भी आज 2,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में हुई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73,020 रुपये से लेकर 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,950 रुपये से लेकर 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

कीमत में आई गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी की कीमत 84,500



रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शेयर बाजार को लेकर निवेशकों में बढ़ा रुझान, देश में डीमैट अकाउंट की संख्या 17 करोड़ के पार पहुंची

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। निवेशकों की संख्या में बढ़ोतरी होने का संकेत देश में लगातार बढ़ रहे डीमैट अकाउंट की संख्या से मिलता है। अगस्त महीने में देश में कुल डीमैट अकाउंट की संख्या पहली बार 17 करोड़ के आंकड़े के पार पहुंच गई।

अगस्त में देश में 42.30 लाख डीमैट अकाउंट खोले गए। इस तरह देश में अभी तक खोले गए डीमैट अकाउंट की कुल संख्या 17.11 करोड़ हो गई है। डिपॉजिटरी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक अगस्त के पहले जुलाई के महीने में 44.44 लाख डीमैट अकाउंट खुले थे। इस तरह मासिक आधार पर नए खुलने वाले डीमैट अकाउंट की संख्या में अगस्त के महीने के दौरान 2.14 लाख की कमी




जरूर आई लेकिन सालाना आधार पर इसमें 11.30 लाख की बढ़ोतरी हुई है। इसके पहले अगस्त 2023 में 31 लाख में डीमैट अकाउंट खोले गए थे। इस साल जून महीने में ही देश में डीमैट अकाउंट की संख्या बढ़ कर 16 करोड़ हो गई थी। इसके दो महीने बाद ही अगस्त के महीने में इस संख्या में एक करोड़ की बढ़ोतरी हो गई। जनवरी 2023 से लेकर अगस्त 2024 के बीच 6.28 करोड़ डीमैट अकाउंट खोले गए हैं।

इनमें साल 2024 में जनवरी से अगस्त के दौरान कुल 3.18 करोड़ नए डीमैट अकाउंट खोले गए हैं। इसके पहले साल 2023 में जनवरी से दिसंबर तक कुल 3.10 करोड़ डीमैट अकाउंट खोले गए थे। इस तरह इस साल 8 महीने की अवधि में ही नए डीमैट अकाउंट खुलने का आंकड़ा 2023 के आंकड़े से आगे निकल गया है। उल्लेखनीय है कि डीमैट अकाउंट का इस्तेमाल मुख्य रूप से सिक्योरिटी मार्केट में ट्रेडिंग करने के लिए किया जाता है। इस अकाउंट में शेयर के साथ ही म्युचुअल फंड, बॉन्ड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड जैसे सिक्योरिटीज को डिजिटल फॉर्म में रखा जाता है। शेयरों की खरीद बिक्री के लिए डीमैट अकाउंट होना जरूरी होता है।

# मोतिहारी के शिक्षक अजित कुमार पटना में हुए सम्मानित

चाणक्य भूमि

सामाजिक सांस्कृतिक संस्था "स्वरूप सेवांजलि फाउंडेशन" के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर सेमिनार सह सम्मान समारोह, पश्चिम दरवाजा स्थित गिरिराज उत्सव पैलेस में संपन्न हुआ। गुरु शिक्षा सम्मान समारोह का उद्घाटन, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा पद्मश्री सम्मानित डॉ सी. पी. ठाकुर तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मोतिहारी के शिक्षक अजित कुमार को पटना राजधानी में

स्वरूप सेवांजलि फाउंडेशन द्वारा शिक्षा सम्मान समारोह 2024 में सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राकेश बल्लभ उर्फ डब्बू यादव ने की तथा




अतिथियों का स्वागत संस्था के सचिव आकाश कुमार ने किया, तथा मंच संचालन संस्था के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने किया।

अपने उद्बोधक भाषण में पद्मश्री से सम्मानित भारत के पूर्व मंत्री डॉक्टर सी.पी. ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि राष्ट्र का निर्माण में शिक्षकों की भूमिका प्राचीन काल से चली आ रही है इनके योगदानों को नकारा नहीं जा सकता है। किसी भी राष्ट्र का निर्माण और प्रलय शिक्षक के हाथों में बसता है लेकिन शिक्षक हमेशा राष्ट्र के निर्माण का सहारा होते हैं। इस अवसर पर पटना की महापौर सीता साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक देश के भविष्य बनाने वाले छात्राओं का तलाश कर राष्ट्र का निर्माण करते हैं, तथा शिक्षकों की तुलना सड़क से की और कहा कि शिक्षक एक सड़क के समान होते हैं जो छात्रों को सफलता की मंजिल तक पहुंचाते हैं।

इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 25 शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को "गुरु शिक्षा सम्मान 2024" से अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# कमेटी की बैठक मे निर्णय दुर्गापूजा में बनेगी चलंत मूर्ति



चाणक्य भूमि मझौलिया

जूथालाल संस्कृत महाविद्यालय में विजयादशमी का महापर्व दशहरा मेला को बेहतर ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर पूजा समिति सदस्यों की बैठक हुई।

अध्यक्षता चीनी मिल के मुख्य रोकडपाल राजकुमार झुनझुनवाला ने की। पूर्व दशहरा मेला के लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में पूजा समिति के सचिव अनिल कुमार सिंह चीनी मिल के डिप्टी जीएम विजय आनंद , टूलु श्रीवास्तव गोलू कुमार श्रीवास्तव, पंकज वेदपुरिया आनंद साह विनोद जायसवाल ,अनिल भारती सुदर्शन भारती, विक्की कुमार सिंह सुरेंद्र मुखिया सुजीत कुमार मुन्ना खरवार कृष्ण शर्मा, ललन बैठा सत्यजीत रमन, मंजीत श्रीवास्तव पंकज बरनवाल समेत मेला समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आगामी दुर्गा पूजा को लेकर बगहा नगर के राधेश्याम मंदिर परिसर में श्री काली स्थान दुर्गा पूजा समिति की बैठक की गई आयोजित

चाणक्य भूमि बगहा

**बगहा।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर बगहा नगर के राधेश्याम मंदिर परिसर में श्री काली स्थान दुर्गा पूजा समिति की बैठक अजय गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई।जिसमे पूजा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही उत्साह एवम धूमधाम से पूजा करने की योजना बनाईं गई तथा साथ ही भव्य मेला लगाने की भी योजना बनी साथ ही दुर्गा पूजा शांति पूर्वक प्रशासनिक सहयोग से मानाने का सभी सदस्यों ने समर्थन किया तथा पूर्व साल की तरह इस साल भी विशेष कार्यक्रम कराने पर सब की सहमति बनी। बैठक मे समिति के संरक्षक दीनानाथ प्रसाद, उपाध्यक्ष सिंटू सिंह, कोषाध्यक्ष बजरंग बैरासिया, सदस्य उमेश अग्रवाल, पप्पू वर्मा, संजय कुमार, संजय दास, अनिल कुमार, आचार्य अमलेश दुबे, धीरज कुमार, कृष्णा दास, मनीष सरावगी, केदार नाथानी, पिंटू गुप्ता एवम् अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे ।






# पीआरटी सदस्यों व वन कर्मियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण

चाणक्यभूमि गौनाहा

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व मंगुराहा में 8 सितंबर को वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूटीआई) ने प्राइमरी रेस्पोंस टीम (पी. आर. टी.) और वन कर्मचारियों के लिए मंगुराहा पर्यटन परिसर में दो दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण "बड़े मांसाहारी जंगली जानवरों के साथ रहना - सामुदायिक सशक्तिकरण के माध्यम से एकीकृत सह-अस्तित्व" परियोजना का हिस्सा है, जिसे डब्ल्यूटीआई वाल्मिकी टाइगर रिजर्व में क्रियान्वित कर रहा है। प्रशिक्षण में डुमरी, रूपौलिया, एकवा, पुरैनिया, धूमाटांड़ और जसौली गांवों की सात महिलाए सहित सोलह समुदाय के सदस्यों व मंगुराहा, गोबर्धना व रघिया वन क्षेत्र से चौदह वन वन कर्मी जिसमे वनपाल, वन रक्षी और टाइगर ट्रैकर्स सामिल है। अरविंद फाउंडेशन के डॉ. श्रवण कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इनमें प्राथमिक चिकित्सा के बुनियादी सिद्धांत, प्राथमिक उपचारकर्ता की भूमिकाएं, और सीपीआर, सिर और रीढ़ की हड्डी में आघात और घाव की ड्रेसिंग जैसी चोटों से निपटने की तकनीकें शामिल थीं।

बड़े मांसाहारी जंगली जानवरों के साथ रहना" परियोजना, यूनाइटेड किंगडम सरकार के डार्विन इनिशिएटिव ग्रांट द्वारा समर्थित है और चेस्टर चिड़ियाघर, यूनाइटेड किंगडम के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य वाल्मिकी टाइगर रिजर्व में मानव-बड़े मांसाहारी जंगली जानवरों के संघर्ष को कम करना और समुदायों और वन्यजीवों के बीच सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देना है। डब्ल्यूटीआई के प्रबंधक और परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार बेहरा ने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रशिक्षण से वाल्मिकी टाइगर रिजर्व के किनारे के समुदायों और वन कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों, विशेष रूप से मानव-वन्यजीव संघर्षों में त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद मिलेगी। डब्ल्यूटीआई ने पी.आर. टी. का गठन किया है, जिसमें सात गांवों के 32 स्वयंसेवक शामिल हैं जो मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों की सहायता करते हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले वन कर्मियों में उदित शर्मा, ब्रुजलाल कुमार बैठा, बिकास कुमार, अंकुश कुमार तिवारी, बिकास कुमार तिवारी, मनीष कुमार शर्मा, महमद अब्दुल, कन्हिया ठाकुर, और मणिकांत कुमार शामिल हैं। स्थानीय समुदाय के राकेश दुबे, राजकुमार महतो, कलाम अंसारी, अजय कुमार, अशोक राम, करिश्मा कुमारी, किरण कुमारी, शीतल कुमारी, प्रतिमा देवी व राजलक्ष्मी देवी ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डब्ल्यूटीआई के स्वयं शंकर और विवेक कुमार बादल ने किया।

# शरण नर्सिंग होम मे खुला हार्ट मरीजों के लिए सी सी यू वॉर्ड

चाणक्य भूमि

**एस गुप्ता : मोतिहारी**

शरण नर्सिंग होम के मशहूर चिकित्सक डॉक्टर आशुतोष शरण ने भारत के मशहूर हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जन डॉक्टर राहुल चंदोला की पूरी टीम के साथ सीसीयू यूनिट का उद्घाटन किया अब हार्ट के मरीजों को घबराने की कोई जरूरत नही है किसी भी असमान्य और औचक परिस्थिति में हार्ट के मरीज शरण नर्सिंग होम के सीसीयू वार्ड में भर्ती किए जा सकेंगे जिसमे अत्याधुनिक मशीनों के साथ साथ डॉक्टर राहुल चंदोला का परामर्श संभव हो सकेगा । हार्ट फेलर में मरीज को काफी कम समय मिलता है पर अब अगर मरीज शरण नर्सिंग होम के हार्ट यूनिट में भर्ती किया जाता है तो उसे स्टेबल किया जा सकेगा और उसकी जान बचाई जा सकेगी,डॉक्टर आशुतोष शरण ने मीडिया से बातचीत में जानकारी देते हुए कहा की दूसरे चरण में शरण



नर्सिंग होम के हार्ट केयर यूनिट में कैथ लैब की स्थापना की जाएगी । जिसमे मरीजों का एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी किया जा सकेगा । इसी तरह चरणबद्ध योजनानुसार हार्ट केयर यूनिट की सेवाओं को आगे बढ़ाया जा सकेगा ।आनेवाले समय में शरण नर्सिंग होम में हार्ट ट्रांसप्लांट के साथ साथ लंग्स ट्रांसप्लांट और वॉल्व ट्रांसप्लांट की भी उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी । मीडिया से बातचीत में डॉक्टर राहुल चंदोला ने कहा मोतिहारी में डॉक्टर आशुतोष शरण के प्रयास से यह सब संभव होगा और चरणबद्ध तरीके से सारी व्यवस्थाएं स्थापित की जाएगी।वही इस मौके पर डॉक्टर राहुल चंदोला ,डॉक्टर आशुतोष शरण ,डॉक्टर निखिल शरण ,डॉक्टर निकिता शरण,डॉक्टर जसबीर शरण के साथ साथ प्रवीन चौरसिया,अनिसुररहमान ,एस्तेयक ,धर्मेंद्र सिंह,प्रशांत कुमार,रिशु सिंह,विकाश सिंह ,जनेंद्र के साथ साथ अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसकी जानकारी डा० निखिल शरण ने दी









# पुलिस ने अलग अलग जगह से दो व्यक्ति को भेजा जेल

चाणक्या भूमि मैनाटांड

मानपुर पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर रविवार को एक वारंटी को गिरफ्तार जेल भेज दिया हैं। भंगहा पुलिस ने एक लीटर शराब के साथ पंचरौता जंगल से एक व्यक्ति गिरफ्तार किया है।मानपुर थाना अजय कुमार चौधरी ने बताया की । न्यायलय के द्वारा वारंट निर्गत किया गया था जिसके आधार पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभिउक्त की पहचान राजेश राम पिता सुखाड़ी साकिन सहनौला वही भंगहा थाना अध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया की राम स्वरूप दिस्वा साकिन रामपुर को एक लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# रैयतों ने अंचल मुख्यालय का घेराव क़र प्रदर्शन किया

चाणक्य भूमि बगहा

गंडक दियारा के भितहा में सैकड़ों की संख्या में रैयतों ने अंचल मुख्यालय का घेराव क़र प्रदर्शन किया । इस दौरान ग्रामीणों ने एक लिखित आवेदन भितहा सीओ के नाम से राजस्व अधिकारी अमरेन्द्र कुमार को सौंपा ।

दरअसल बिहार में भूमि पैमाइश औऱ सर्वे की क्वायद तेज़ है लिहाजा रैयतों ने यह मांग किया है कि लोगों कि जमाबंदी दुसरे मौजा अर्थात हल्का में संधारित कि गयी है जिससे यहाँ के लोगों को जमींन की खरीद बिक्री करने सहीत कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

लोगों कि मांग है की उनकी जमीनें जिसे दुसरे मौजा की जमाबंदी पंजी में संधारित कि गयी है वह हम लोगों के अपने मौजा में करवा दिया जाय, ताकि लोगों को खरीद बिक्री सहीत अन्य वैधानिक कार्यों को करने में सहुलियत मिले। वहीं रैयतों के तरफ से उनकी बातों को रखते हुए सामाजिक कार्यकर्त्ता जमालुद्दीन अंसारी ने बताया कि भीतहा अंचल के मौजा परसौना, बररीहा, डीही पकड़ी, चिलवनिया, खापटोला सहीत तमाम गांवों के सैकड़ों रैयतों कि जमाबंदी दुसरे हल्का मौजा में संधारित है। जिसके तत्काल सुधार कि मांग कि गयी है। अंचल प्रशासन के स्तर से इसमें सुधार नहीं कराया गया तो लोग 21 दिन बाद वरीय पदाधिकारियों को एक लिखित शिकायत क़र अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन




पर बैठेंगे।

आवेदन प्राप्तकर्ता राजस्व अधिकारी अमरेन्द्र कुमार ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि इस समस्या को गम्भीरता से लेते हुए इस सम्बन्ध में वरीय पदाधिकारियों से पत्राचार किया जायेगा ख़ुद DCLR औऱ डीएम तक को मामले से अवगत कराकर रैयतों के समस्या का जल्द समाधान होगा ।

**बाइट** – जमालूद्दीन अंसारी, सामाजिक कार्यकर्त्ता, सफ़ेद शर्ट पहने

**बाइट** - कैलाशपति कुशवाहा, ग्रामीण रैयत, आसमानी रंग के शर्ट में चश्मा पहने

**बाइट** - शेख हसमुद्दीन, पूर्व सरपंच चीलवनिया पंचायत, गमछा ओढ़े

**बाइट** - अमरेंद्र कुमार, राजस्व अधिकारी, भीतहा

# गौनाहा थाना ने बड़ी मात्रा में गांजा सहित तस्कर को पकड़ा

चाणक्य भूमि गौनाहा

गौनाहा पुलिस द्वारा की गई प्रेस वार्ता में यह खुलासा किया गया कि पुलिस ने शनिवार को रात्रि 8:20 में शिव मंदिर के पास 63.138 किलो गाजा बरामद कर बहुत बड़ी कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि गौनाहा थानाध्यक्ष विनोद कुमार को रात्रि 7:20 में यह सूचना मिली कि रुपौलिया गांव के समीप सीमा सड़क के एक पुल के पास बड़ी मात्रा में गांजा गौनाहा स्टेशन की तरफ ले जाया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने तवरित कार्रवाई करते हुए। गौनाहा थाना के समीप स्थित शिव मंदिर के पास नाकाबंदी कर दी। इसी बीच 1 घंटे बाद महिंद्रा के भूरे रंग के जाइलो कार शिव मंदिर के पास पहुंचा। जिसे पुलिस ने घेर लिया कार के डिक्की में चार बंडल गाजा दिखाई दिया। पुलिस ने कार सहित ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। गाजा की पुष्टि करते हुए कहा कि विनोद साह नामक एक व्यक्ति जो गौनाहा थाना का रहने वाला है उसी के द्वारा गांजा लोड कराया गया है 1

गांजा तस्कर की पहचान पूर्वी चंपारण के सुगौली थाना क्षेत्र के श्रीपुर गांव का निजाम मियां का पुत्र अख्तर अली के रूप मे हुई है। जप्त की गई जाइलो कार का नंबर बीआर 05 पी 2975 है। डीएसपी ने बताया की छपामारी दल में शामिल थाना अध्यक्ष विनोद कुमार प्रशिक्षु दरोगा सुदामा कुमार, सिपाही पवन कुमार,बैजू कुमार व अलोक कुमार पीटीसी को पुरस्कृत करने हेतु एसपी को पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने थानाध्यक्ष विनोद कुमार को बधाई देते हुए कहा की गौनाहा थाना कि यह बहुत बड़ी कामयाबी है।









# वाल्मीकिनगर थाना के पूर्व थानाध्यक्ष की विदाई

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

वाल्मीकिनगर थाना में पिछले दो वर्षों से कार्यरत पूर्व थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय को रविवार की दोपहर वाल्मीकिनगर थाना परिसर में भाव भीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर महेश कुमार, राजेश कुमार आनंद, सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, उदय नारायण सिंह रवि शंकर सिंह के साथ थाना में कार्यरत अन्य पुलिस के जवानों ने उनके कार्यकाल को सराहा। विदाई सम्मान समारोह में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि विजय प्रसाद राय अपने कार्यकाल के दौरान वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र सहित वाल्मीकिनगर थाना के विकास में जो परिवर्तन



लाया, वह अतुलनीय है। जनता के बीच में उनकी अच्छी पकड़ थी। शांति और सद्भाव पुलिस और पब्लिक के बीच बना रहे, इस पर उन्होंने सभी जवानों के साथ मिलकर काम किया। सब इंस्पेक्टर महेश कुमार ने कहा कि वे वाल्मीकिनगर से चले जाएंगे, लेकिन जनता और वाल्मीकिनगर थाना के कर्मियों के दिल में सदैव रहेंगे।

# जदयू नेता हत्याकांड के मुख्य आरोपी मंटू सिंह का आत्मसमर्पण



चाणक्य भूमि बेतिया

पुलिस के भारी दबाब के कारण जदयू नेता वैभव राय हत्याकांड में शामिल दूसरे शूटर गौरव ने बगहा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। धनहा थाना क्षेत्र के तमकूहा में 7 अगस्त को वैभव राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में दो शूटर शामिल थे, जिसमें से एक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाला शूटर गौरव उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के जानकीनगर, रविंद्र नगर का निवासी है। गौरव को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। इसके कारण उसने बगहा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714